

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 261 | ग्वालियर, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


# अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा और बारिश से बिगड़े हालातों का लिया अपडेट, इन राज्यों के सीएम और एल जी से की बात

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बात की. उन्होंने भारी बारिश की वजह से निलंबित अमरनाथ यात्राके बारे में अपडेट लिया. केंद्रीय गृह मंत्री ने सिन्हा से टेलीफोन पर बातचीत की. दरअसल खराब मौसम के कारण वार्षिक अमरनाथ यात्रा दोनों मार्गों बालटाल और नुनवान ( पर अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई थी.इसके साथ ही अमित शाह ने पंजाब के सीएम भगवंत मान और हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी फोन पर बात कर मदद की पेशकश की. गृहमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों में एनडीआरएफ की टीमें हैं, लेकिन उसके बावजूद जरूरी लगे तो और भी टीमें तैनात की जा सकती हैं.



**इस मार्ग पर शुरू हुई यात्रा**–बारिश की वजह से 270 किमी लंबे रास्ते में कई भूस्खलन हुए थे. हालांकि, मौसम की स्थिति में सुधार के बाद पहलगाम मार्ग पर यात्रा आज दोपहर को फिर से शुरू हो गई. अधिकारियों ने कहा कि दूसरे मार्ग, बालटाल पर यात्रा अभी भी फिर से शुरू नहीं हुई है.

**बारिश के कारण कई मार्ग बंद** –अधिकारियों ने बताया कि यात्रा स्थगित होने के बाद 6,000 अमरनाथ यात्रा तीर्थयात्री रामबन में फंसे हुए हैं.गुरुवार (6 जुलाई) को रात भर हुई बारिश के कारण रामबन जिले के पंथयाल, मेहर और अन्य स्थानों पर भूस्खलन, भूस्खलन और पत्थर गिरे, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया. हिलर अनंतनाग रेलवे स्टेशन पर जलभराव के बाद काजीगुंड से बनिहाल तक ट्रेन की आवाजाही भी निलंबित कर दी गई.

**31 अगस्त को समाप्त होगी यात्रा**–दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र तीर्थयात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई थी और 31 अगस्त को समाप्त होगी. इससे गृह मंत्री ने ट्वीट कर हर तीर्थयात्री को सुरक्षित अमरनाथ यात्रा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल कर्मियों के काम की सराहना की.

## भारी बारिश के बीच हरियाणा ने यमुना में छोड़ा 1 लाख क्यूसेक पानी, दिल्ली सरकार ने जारी की बाढ़ की चेतावनी

**दिल्ली-एनसीआर** समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का कहर देखने को मिल रहा. सड़कें तालाब बन चुकी हैं, नदिया उफान पर हैं, पानी के तेज बहाव में कई पुल बह गए हैं. दिल्ली में आम जनता के साथ-साथ सांसदों के घरों में भी पानी घुस गया है. जलभराव के कारण जगह-जगह लंबा जाम देखा जा रहा है. दिल्ली में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सोमवार (10 जुलाई) को स्कूलों की भी छुट्टी कर दी गई है. इसी बीच हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 1 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है. दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और इसके मंगलवार को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार करने की आशंका है.

**बढ़ रहा यमुना नदी का जलस्तर**–केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़ निगरानी



पोर्टल के अनुसार, ओल्ड रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलस्तर रविवार दोपहर एक बजे 203.18 मीटर था, जबकि खतरे का स्तर 204.5 मीटर है. सीडब्ल्यूसी ने कहा कि मंगलवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच जलस्तर 205.5 मीटर तक बढ़ने की आशंका है.

**दिल्ली में 41 साल का रिकॉर्ड टूटा**–दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में 153 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई. जो 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें मध्यम बारिश की चेतावनी दी गई है. दिल्ली में यमुना नदी के पास के इलाकों में करीब 37,000 लोग रहते हैं. हरियाणा से पानी छोड़े जाने के बाद हालात बदतर होने की संभावना है.

**1978 और 2010 की यादें हुई ताजा**–राष्ट्रीय राजधानी में ये स्थिति देखकर 1978 और 2010 की यादें ताजा हो गईं. तब बाढ़ के कारण लाखों लोग प्रभावित हुए थे. 1978 में दिल्ली के कई हिस्से पानी में डूब गए थे. लोगों के घरों में पानी भर गया था और फसलें बर्बाद हो गई थीं. इस बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े थे. आजतक के मुताबिक, 1978 में लोहे के पुल पर यमुना का स्तर 207.49 मीटर के निशान पर पहुंच गया था. इसके बाद दो बार और यमुना का स्तर 207 मीटर के निशान के पार गया है. यमुना का जल स्तर साल 2010 में 207.11 मीटर और साल 2013 में 207.32 मीटर पार कर गया था.

## शाहबाद डेयरी हत्याकांड में खुलासा... मर्डर से कुछ घंटे पहले नाबालिग का हुआ था यौन शोषण, लेकिन वो साहिल नहीं था

देश को झकझोर कर रख देने वाले दिल्ली के शाहबाद डेयरी हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है. एफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार, हत्या से कुछ घंटे पहले ही नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ था, लेकिन साथ ही ये भी खुलासा हुआ है कि ये अपराध करने वाला शख्स साहिल नहीं था. पुलिस ने कोर्ट में इस केस की चार्जशीट दाखिल की है. जिसमें इस बात की जानकारी दी गई है.पुलिस ने बताया कि लड़की के पोस्टमॉर्टम के दौरान सैंपल लिए गए थे. जिसकी एफएसएल रिपोर्ट में ये बात सामने आई है. एफएसएल रिपोर्ट के अनुसार हत्या से पहले साहिल ने लड़की के साथ यौन शोषण नहीं किया था बल्कि किसी और शख्स ने नाबालिग के साथ ज्यादती की थी. लड़की के नाबालिग होने के कारण ये मामला रेप के तौर पर दर्ज किया जाएगा

## 'क्या राहुल गांधी को मंजूर है मौत का खेल, बंगाल हिंसा पर स्मृति ईरानी बोलीं- तबाही मचाने वाली टीएमसी से...

पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में हुई हिंसा को लेकर अब राजनीति गरमा गई है. केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार (8 जुलाई) को मतदान के दौरान हुई हिंसक झड़पों के लिए टीएमसी की कड़ी आलोचना की.

इतना ही नहीं बीजेपी नेता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी आलोचना की और सवाल किया कि क्या उन्हें ऐसी घटनाएं स्वीकार्य लगती हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने हाल ही में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है.



**स्मृति ईरानी ने की कांग्रेस की आलोचना**–इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, भोपाल में मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा, जिस तरह से लोग पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में लोकतंत्र की हत्या देख रहे हैं. लोगों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का दावा करने के लिए मार दिया जा रहा है, कांग्रेस उसी टीएमसी से हाथ मिला रही है.स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी से सवाल करते हुए कहा, ÷गांधी परिवार के लिए उनसे हाथ मिलाना स्वीकार्य है जो पश्चिम बंगाल में तबाही मचा रहे हैं? क्या राहुल गांधी को मौत का यह खेल स्वीकार है?

**कई जिलों में हुई हिंसा**–बता दें कि, बंगाल के ग्रामीण चुनावों में हुई हिंसा में कम से कम 13 से 14 लोग मारे गए, दर्जनों लोग घायल हो गए और कई पोलिंग बूथों पर हमले भी हुए. पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, उत्तर 24 परगना और मालदा सहित कई जिलों में भारी हिंसा देखी गई और इन जिलों के कई गांवों में मतपेटियों को भी तोड़ दिया गया.

**अमित शाह और जेपी नड्डा की हिंसा पर नजर**–गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा की घटनाओं को लेकर बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष सुकान्त मजूमदार से भी बात की. उन्होंने हिंसा और कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी हिंसा पर पश्चिम बंगाल के बीजेपी नेताओं से बात की.

## शरद या अजित, किसके पास होगा असली वाली एनसीपी का पावर? इस थ्री टेस्ट फॉर्मूले पर ईसी दे सकता है फैसला

**महाराष्ट्र** की राजनीति में आए सियासी भूचाल के बाद से लगातार इसकी चर्चा हो रही है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) दो धड़ों में बंट चुकी है. एक धड़ा शरद पवार के साथ खड़ा है तो दूसरा धड़ा अजित पवार के साथ एनडीए सरकार में शामिल हो गया है. अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि असली वाली एनसीपी और चुनाव चिह्न घड़ी पर दावा किसका होगा? इसका फैसला चुनाव आयोग को करना है.महाराष्ट्र में करीब एक साल पहले भी इस तरह की स्थिति देखने को मिली थी जब शिवसेना को दो फाड़ हुए. एक हिस्सा उद्धव ठाकरे के साथ तो दूसरी हिस्सा एकनाथ शिंदे के साथ मिल गया था. इसमें एकनाथ शिंदे को जीत मिली और उद्धव ठाकरे गुट को नुकसान उठाना पड़ा था.असली एनसीपी वाले मसले पर टाइम्स ऑफ इंडिया में एक



रिपोर्ट छपी है. जिसमें दो पूर्व चुनाव आयुक्तों के साथ हुई बातचीत के आधार पर बताया गया है कि मामले में चुनाव आयोग साल 1971 में सादिक अली केस पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर फैसला कर सकता है.दरअसल, साल 1971 के इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को कायम रखा था. कांग्रेस की टूट वाले मामले में चुनाव आयोग ने पार्टी का चुनाव चिह्न 'जुए के साथ दो जोड़ा बैल' जगजीवन राम वाले गुट को दे दिया था. टीओआई के मुताबिक सुनील अरोरा कहते हैं, ÷सादिक अली वाले केस का फैसला लगातार चुनाव आयोग के लिए लाइटहाउस की तरह रहा है.÷वो आगे बताते हैं, ÷सादिक अली केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि निश्चित तौर पर चुनाव आयोग पैरा 15 (पार्टी का चुनाव चिह्न) के तहत कुछ जरूरी कदम उठाए, जिससे कि इसकी जांच किसी संदेह में न फंसने पाए. चुनाव चिह्न को लेकर विवाद होने पर इस फैसले ने तीन मौलिक मानदंड तय कर दिए थे.वो मौलिक मानदंड हैं- पार्टी के लक्ष्यों और उद्देश्यों की जांच, पार्टी के संविधान की जांच और बहुमत की जांच. इसके बारे सुनील अरोरा बताते हैं, ÷पहले मानदंड के अनुसार चुनाव आयोग ये देखता है कि क्या कोई गुट पार्टी के लक्ष्यों और उद्देश्यों से भटका तो नहीं, जो उनके बीच मतभेदों के उभरने की मूल वजह है. दूसरे मानदंड में आयोग तय करता है कि क्या पार्टी उसके संविधान के हिसाब से चलाई जा रही है. तीसरे में ये देखता है कि गुटों के बीच विधायिका और पार्टी संगठनात्मक ढांचे में किसकी पकड़ ज्यादा मजबूत है.÷ओपी रावत कहते हैं, ÷हालांकि तीन मानदंड जरूर हैं

## जुलाई के महज 8 दिन में ही बारिश ने तोड़े रिकॉर्ड, मौसम विभाग के आंकड़े

जुलाई के शुरुआती आठ दिनों में देश के ज्यादातर हिस्सों में अच्छी-खासी बारिश हुई है, जिसने देशभर में वर्षा में कमी की भरपाई कर दी है. मौसम विभाग ने आंकड़ों के जरिये यह जानकारी दी. मानसून के आगमन के बाद से अब तक 243.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई है, जो सामान्य रूप से होने वाली वर्षा 239.1 मिमी से दो प्रतिशत अधिक है.देश में अलग-अलग जगहों पर बारिश की मात्रा में काफी अंतर है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश के पूर्वी और उत्तरी-पूर्वी हिस्सों में 17 प्रतिशत कम (सामान्य रूप से होने वाली 454 मिमी के मुकाबले 375.3 मिमी) वर्षा हुई है, जबकि उत्तर भारत में 59 प्रतिशत (सामान्य रूप से होने वाली 125.5 मिमी के मुकाबले 199.7 मिमी) ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है.मध्य भारत में सामान्य रूप से होने वाली 255.1 मिमी के मुकाबले चार प्रतिशत ज्यादा 264.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है. क्षेत्र में काफी संख्या में किसान कृषि कार्य के लिए मानसून की बारिश पर निर्भर रहते हैं. दक्षिण भारत में वर्षा की कमी 45 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गई है.

**पिछले एक सप्ताह में हुई मूसलाधार बारिश**–जून के अंत तक देश में 148.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जो सामान्य से 10 प्रतिशत कम थी लेकिन पिछले एक सप्ताह में हुई मूसलाधार बारिश से स्थिति में काफी सुधार हुआ है.

## रेलवे पर भी पड़ा बारिश का असर, 17 ट्रेनें रद्द, शिमला–कालका रूट पर सेवाएं निलंबित

दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में दो दिनों से भारी बारिश हो रही है. उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं. भारी बारिश की वजह से कई स्थानों पर, सड़कों पर जलभराव हो गया है. मौसम विभाग ने उत्तर भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. बारिश के कारण रेल नेटवर्क पर भी असर पड़ रहा है. लगातार हो रही बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने 17 ट्रेनों को रद्द कर दिया है और लगभग 12 अन्य का मार्ग बदल दिया है. उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि जलभराव के कारण चार स्थानों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है. इनमें नोगनवान न्यू मोरिंडा के बीच, नंगल बांध और आनंदपुर साहिब के बीच और कीरतपुर साहिब और भरतगढ़ के बीच के सेक्शन शामिल हैं. रद्द की गई ट्रेनों में फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस, अमृतसर सुपर फास्ट एक्सप्रेस, चंडीगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस और चंडीगढ़ से अमृतसर जंक्शन एक्सप्रेस व अन्य ट्रेनें शामिल हैं.



**रेलवे पर पड़ा बारिश का असर** – उन्होंने कहा कि जिन ट्रेन का रूट डायवर्ट किया गया है उनमें मुंबई सेंट्रल-अमृतसर एक्सप्रेस, दौलतपुर चौक एक्सप्रेस व अन्य ट्रेनें शामिल हैं. खराब मौसम को देखते हुए शिमला-कालका मार्ग पर भी ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं. लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से चलने वाली ट्रेनों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और पटरियों से पानी निकालने के लिए पंप चलाए जा रहे हैं.

**दिल्ली क्षेत्र में ट्रेन सेवा सामान्य**–उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने कहा कि लगातार भारी बारिश के कारण दिल्ली क्षेत्र से ट्रेनों को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है. पटरियों से पानी निकालने के लिए दिल्ली-सब्जी मंडी क्षेत्र और स्टेशन के प्रशिक्षण क्षेत्र में आठ पंप चलाए जा रहे हैं. दिल्ली क्षेत्र में ट्रेनें अभी भी सामान्य है. दिल्ली में पिछले 40 सालों में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई है. जिससे सड़कें और अंडरपास जलमग्न हो गए हैं. कुछ इलाकों में पानी दुकानों और घरों में भी घुस गया.

# 5 घंटे तक बिजली के खंभे पर लटका रहा शव कार्रवाई के बाद उतारा गया

*अनिल कुशवाह*
*पुष्पांजलि टुडे*

*__शिवपुरी–__ शिवपुरी जिले के बदरवास थाना क्षेत्र के बारई गांव में रविवार सुबह बिजली के खंभे पर चढ़े एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक का शव पांच घंटे तक खंभे पर ही लटका रहा। परिजन पहले आरोपियों पर मामला दर्ज कराने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंचे कोलारस एसडीओपी और थाना प्रभारी की समझाइश के बाद भी परिजन नहीं माने। आखिरकार परिजनों की शिकायत पर एमपीबीई के सुपरवाइजर व ऑपरेटर समेत तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। इसके बाद शव को पांच घंटे बाद नीचे उतारा गया।जानकारी के मुताबिक बारई गांव का रहने वाले 25 साल के विनोद कुशवाह पुत्र बृजेश कुशवाह को गुडाल गांव निवासी बंटी पुरी नाम के बिजली विभाग के आउट सोर्स लाइनमैन ने परमिट का हवाला देते हुए बिजली के ट्रांसफॉर्मर का डीओ बांधने सुबह साढ़े आठ बजे के लगभग बिजली के खंभे पर चढ़ा दिया था। इसी दौरान विनोद कुशवाह को बिजली का तेज झटका लग गया।*



*इसके चलते वह खंभे पर ही लटका रहा।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव उतारने से पहले आरोपी लाइनमैन के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। इसी मांग को लेकर शव करीब पांच घंटे तक बिजली के लंबे पर ही लटका रहा। बताया गया है। कि आउट सोर्स के पद पर पदस्थ लाइनमैन बंटी पुरी विनोद कुशवाह को कुछ पैसे का लालच देकर अक्सर इस तरह के कार्य नियम विरुद्ध करवाता रहता था।*

***पुलिस ने किया मामला दर्ज–***
*बदरवास थाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर बिजली विभाग के लाइनमैन बंटी पुरी, एमपीईबी के सुपरवाइजर व ऑपरेटर अविनाश जाटव और बिजली कंपनी के ठेकेदार (अज्ञात) के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला मौके पर दर्ज किया। तब कहीं जाकर 5 घंटे बाद सबको बिजली के खंभे से उतारने पर परिजन राजी हुए। इधर, एमपीईबी के अधिकारियों ने लापरवाह आउट सोर्स कर्मचारी लाइनमैन और ऑपरेटर पर कार्रवाई करने की बात कही है। साथ ही पीड़ित को 4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की भी बात कही है।*

**मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023**

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अंतिम रूप से पात्र महिलाओं के बैंक खातो में राशि का अंतरण किया जाएगा आज

**राकेश परिहार पिछोर**
**,9691338626**

**शिवपुरी,** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 अंतर्गत पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिंक डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों मे माह जुलाई 2023 की मासिक आर्थिक सहायता राशि के अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 10 जुलाई को दोपहर 01 बजे जिला इंदौर में आयोजित किया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम का वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण किया जायेगा एवं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा ÷लाडली बहना सेना÷ के सभी सदस्यों को शपथ दिलवाई जायेगी। कार्यक्रम का आयोजन जिले के प्रत्येक ग्राम, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के वार्डो में समारोह पूवर्क आयोजित किया जायेगा।अपर कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न चरणों में की जाने वाली गतिविधियों की मॉनीटरिग, आवश्यक समन्वय हेतु ग्राम पंचायतों के क्लस्टर में डयूटी लगाई जाकर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। समस्त नोडल अधिकारी उक्त कार्यक्रम की मॉनीटरिग एवं सर्व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों से आवश्यक समन्वय किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त अधिकारी अपने आवंटित ग्राम पंचायत में सतत भ्रमण कर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की आवश्यक मॉनिटरिंग एवं समन्वय का कार्य करेंगे, प्रगति से जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम को तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उमराव सिंह मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार सुन्दरियाल को अवगत करेंगे।

## खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी में

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



**शिवपुरी,** खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 जुलाई को शिवपुरी आएंगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 जुलाई को ग्वालियर से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे शिवपुरी आएंगी और स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सायं 5.30 बजे शिवपुरी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

## जिले में अभी तक 232.88 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



**शिवपुरी,** शिवपुरी जिले में 01 जून 2023 से अभी तक 232.88 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 159.93 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1208.98 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 333.40 मि.मी., बैरा? में 118.50 मि.मी., पोहरी में 249.30 मि.मी., नरवर में 256 मि.मी., करैरा में 198.30 मि.मी., पिछोर में 205 मि.मी., कोलारस 247.90 मि.मी., बदरवास में 336.50 मि.मी. तथा खनियाधाना में 151 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

## दमोह देहात पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध शराब का जखीरा जब्त

**पटेल ढावा के पास पुलिस ने की थी नाकाबंदी ,दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार**



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र में आने वाली नरसिंहगढ़ चौकी के पटेल ढाबा के पास पुलिस ने एक कार में अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है। आरोपियों से करीब 450 पाव शराब जब्त की गई है। दो आरोपियों को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया है और तीसरा इम्लाई शराब दुकान का गद्दीदार जो कि फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस मामले में देहात थाना टीआई सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि शनिवार रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि इमलाई तरफ से एक ग्रे रंग की क्विड कार नरसिंहगढ़ तरफ आ रही है, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब भरी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी कर कार को रोका एवं कार में दो व्यक्ति बैठे थे, कार में पीछे वाली सीट व डिग्गी में 9 पेटी शराब, जिसमे प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव लाल मदिरा मसाला कुल 450 पाव यानी 81 लीटर शराब रखी थी। पूछने पर आरोपी कार चालक ने अपना नाम देवराज पिता चित्तर सिंह राजपूत 39 निवासी देवरी जमादार व दूसरे ने अपना नाम विवेक पिता बैजनाथ विश्वकर्मा 23 निवासी नेगुआं बताया। उन्होंने बताया कि शराब इमलाई शराब दुकान के गद्दीदार जितेन्द्र राय से खरीद कर ला रहे हैं।पुलिस ने आरोपी देवराज राजपूत, विवेक विश्वकर्मा एवं जितेन्द्र राय पर धारा 34 (2), 42 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ में 9 पेटी लाल मसाला शराब व क्विड कार क्र स्क्र20ष्टत्र5375 भी जब्त की है। कार के साथ गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं तीसरा आरोपी इमलाई शराब दुकान का गद्दीदार जितेंद्र राय फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## जिला स्तरीय संगोष्ठी ओडीओपी प्रोडक्शन कॉनक्लेव आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत किसानो, युवाओ, शिक्षित बेरोजगारो, उद्यमियो एवं स्वसहायता समूहो, कृषक उत्पादक संगठनों को जागरूक, प्रोत्साहित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिये रविवार को जिला स्तरीय संगोष्ठी ओडीओपी प्रोडक्शन कॉनक्लेव का आयोजन शासकीय पौधशाला शिवपुरी के प्रशिक्षण भवन पर किया गया। जिले के पूर्व लीड बैंक ऑफिसर महेश शर्मा एवं लीड बैंक ऑफिसर संजय जैन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी / कर्मचारी, जिला रिसोर्स पर्सन, इच्छुक उद्यमी एवं योजना से लाभांवित उद्यमी आदि उपस्थित रहे। सहायक संचालक उद्यान शिवपुरी सुरेश सिंह कुशवाह द्वारा बताया गया कि पीएमएफएमई योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाईयो की



स्थापना पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का अनुदान उद्यान विभाग द्वारा देय होगा एवं एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से ब्याज पर 3 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। लाभार्थी का योगदान 10 प्रतिशत होगा जो भी कृषक बंधु, शिक्षित बेरोजगार एवं उद्यमी खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाना चाहते है को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत ओडीओपी तथा नॉन ओडीओपी का उद्यम लगा सकते है या पुराने उद्यम का उन्नयन कर सकते है। इस योजना में ऑयल मिल, आटा मिल राईस मिल, पापड उद्योग, मसाला उद्योग, नमकीन उद्योग, वेकरी प्रोडक्ट, टोमेटो सॉस यूनिट, टोमेटा ड्राई पाउडर, मिर्च सॉस,अचार, आम के उत्पाद, नीबू - संतरे के उत्पाद, जूस, मुरब्बा, नीबू अचार, अमरूद, जेम, जैली, ऑवले का अचार, मुरब्बा, पाउडर आदि उद्यम लगा सकते है। इसी प्रकार लहसून उत्पाद, गार्लिक पेस्ट पाउडर, प्याज के उत्पाद, डिहाइट्रेड ऑनियन पाउडर, हल्दी पाउडर, आलू एवं केला चिप्स आदि अनेक प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग इस योजना अंतर्गत लगाये जा सकते है।

**गोविंद सिंह को अपनी चुनावी हार का पक्का यकीन, इसीलिए संत महात्माओं के खिलाफ कर रहे विषवमन**

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक चौधरी का तीखा पलटवार : सरकारी व दलितों की जमीन कब्जा कर महल तानने वाले गोविंद सिंह ईमानदारी का पाठ नहीं पढाएं, हनुमानजी के सेवक के अपमान से सनातन विरोधी मानसिकता उजागर

**दबोह।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह द्वारा रावतपुरा सरकार धाम के महंत श्री रविशंकर महाराज पर अनर्गल एवं अपमानजनक आरोप लगाए जाने के बाद लहार क्षेत्र की राजनीति गर्मा गई है। भले ही रावतपुरा सरकार धाम के महंत ने अपनी महानता व धार्मिकता का परिचय देते हुए डॉ. गोविंद सिंह के घटिया दर्जे के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया न दी हो लेकिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी ने डॉ गोविंद सिंह पर तीखा पलटवार करते हुए उन पर निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल करने एवं निर्लज्जता के साथ निज स्वार्थ की ल?ाई में निर्विवाद संत महात्माओं को भी घसीटने का आरोप लगाया है। श्री चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को नवंबर 23 के चुनाव में लहार विधानसभा सीट पर अपनी करारी शिकस्त अभी से साफ दिखाई देने लगी है, इसीलिए पहले उन्होंने बागेश्वर बाबा के बारे में अभद्र टिप्पणियां कीं और अब अपनी जहरीली जुबान से रावतपुरा धाम के महंत परम पूज्य श्री रविशंकर महाराज जी के बारे में विषवमन किया है। इस अक्षम्य अपराध के लिए लहार की जनता डॉ. गोविंद सिंह को कभी माफ नहीं करेगी।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक चौधरी ने आश्चर्य व दुःख जताते हुए कहा कि एक ओर गोविंद सिंह की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ खुद को सबसे ब?ा हनुमान भक्त बताने का दावा करते नहीं अघाते वहीं डॉ. गोविंद सिंह हनुमानजी के एक ऐसे सच्चे सेवक पर आधारहीन दोषारोपण कर रहे हैं जिनके देशभर में न सिर्फ लाखों अनुयायी हैं बल्कि जो राजनीतिक छल प्रपंच से कोसों दूर है। उन्होंने सवाल किया कि गोविंद सिंह सिर्फ मुंह की जुगाली क्यों कर रहे हैं, यदि उनके पास रावतपुरा धाम के आश्रम में कोई राजनीतिक षड्यंत्र किये जाने का सबूत है तो उसे पेश करें ताकि लहार की जनता सच्चाई जान सके, यदि डॉ. गोविंद सिंह अपने आरोपों को पुष्ट करने वाला कोई सबूत पेश नहीं कर सकते तो उन्हें इसी वक्त न सिर्फ राजनीति छो? देना चाहिए बल्कि रावतपुरा धाम के भक्तों एवं लहार की जनता से माफी मांगना चाहिए, तभी गोविंद सिंह जैसे गलतबयानी करने वाले स्वयंभू नेता का परलोक कुछ सुधर सकता है।

वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि गोविंद सिंह ने मोह माया से दूर एवं धन संपदा के प्रति निर्विकार भाव रखने वाले रावतपुरा धाम के परम पूज्य महाराज पर आश्रम के आसपास की जमीन कब्जाने का पूरी तरह आधारहीन आरोप लगाया है जबकि सरकारी जमीनें व गरीबों की भूमि ह?पने के मामले में खुद डॉ. गोविंद सिंह का शुरू से शर्मनाक रिकॉर्ड रहा है। गोविंद सिंह ने लहार में जो घर बनाया है, वह घर अनुसूचित जाति के रास्ते पर कब्जा करके बनाया है। इतना ही नहीं गोविंद सिंह ने गांव में भी इसी तरह जमीन पर कब्जा कर लिया है। यदि पुराना अभिलेख खंगाला जाए तो यह साबित हो जाएगा कि कांग्रेस के इस नेता ने सरकारी जमीन पर कब्जे किए हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया कि सरकारी व दलितों की जमीन कब्जाने के गोविंद सिंह से जु? ऐसे सभी मामलों की तत्काल व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

भाजपा नेता अशोक चौधरी कहते हैं कि लहार की भोली भाली जनता को गुमराह करके एवं प?ौसी राज्य के अपराधी तत्वों के जरिए चुनाव के वक्त क्षेत्र में भय व आतंक का माहौल निर्मित कर गोविंद सिंह ने किसी तरह आधा दर्जन बार चुनाव तो जीत



लिया लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं च?ती है, नवंबर 23 में उनकी दाल नहीं गलेगी, रावतपुरा धाम के परम पूज्य महंत पर अमर्यादित टिप्पणियां करने से आहत जनता ने इस बार गोविंद सिंह को चुनावी मैदान में चारों खाने चित्त करने का पक्का मन बना लिया है। उनकी चुनावी हार तो तय है ही, अच्छा होगा कि बाकी के पाप धोने के लिए वे अभी से रावतपुरा धाम की शरण में आ जाएं। गोविंद सिंह आरोप लगाने से पहले यह भूल गए हैं कि वे विधायक या मंत्री बाद में बने हैं जबकि रावतपुरा धाम यहां पहले से ही प्रतिष्ठित है। गोविंद सिंह ने राजनीति में जो भी मुकाम हासिल किया है, वह रावतपुरा सरकार के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है और अब गोविंद सिंह मायाबी प्रभुता के घमंड में चूर होकर रावतपुरा सरकार की दैवीय शक्ति को ही चुनौती देने लगे हैं। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि प्रभु के कोपभाजन के चलते उन्हें अर्श से फर्श पर आने में देर नहीं लगेगी, कहीं ऐसा न हो कि उन्हें अपने घर के सामने फिर से प्राइवेट हकीमखाना खोलकर मरीजों को पु?िया न बेचना प?े।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक चौधरी ने डॉ. गोविंद सिंह पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लहार, दबोह, रौन, मिहोना की जनता को झूठे, लुभावने सपने दिखाकर तथा जो?तो? के साथ भय-आतंक का माहौल निर्मित कर गोविंद सिंह सात बार चुनाव तो जीत गए लेकिन वे लहार की सूरत नहीं बदल सके। आज भी लहार की स?कें खस्ता हालत में हैं, स?कों पर चलना दूभर है, अपराधी तत्वों के हौंसले बुलंद हैं और बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की दयनीय हालत किसी से छिपी नहीं है, अच्छा होता कि चुनाव जीतने के लिए वे युवाओं को बंदूक के लाइसेंस थोक में बांटने के बजाए उनके स्थायी रोजगार व शिक्षा के लिए प्रयास करते। इस बार लहार की जनता ने गोविंद सिंह को चुनाव हराने का पक्का मन बना लिया है। यह बात गोविंद सिंह भी बखूबी समझ चुके हैं, इसीलिए बौखलाकर रावतपुरा धाम के संत पर ऊलजलूल व मनगढंत आरोप लगाकर खुद को ही कलुषित कर रहे हैं। श्री चौधरी ने गोविन्द सिंह पर सनातन विरोधी मानसिकता अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कभी उन्हें अखण्ड रामायण पाठ सुनने से सिरदर्द होता है तो कभी मंदिर आश्रम और महंतो के प्रति अपशब्द का प्रयोग करते हैं। गोविंद सिंह को अपनी जबान को लगाम देना चाहिए।

अशोक चौधरी का सवाल ÷ भारत का कौन सा कानून रावतपुरा महंत को चुनाव ल?ने से रोकता है...

डॉ. गोविंद सिंह ने अपनी चुनावी घब?ाहट जाहिर करते हुए रावतपुरा के महंत रविशंकर महाराज द्वारा इस चुनाव में लहार सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव ल?ने की कथित संभावना को जोरशोर से उछाला है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक चौधरी ने यह कहते हुए इन शब्दों में तीखा जवाब दिया है कि भारत का ऐसा कौन सा संवैधानिक नियम या चुनाव आयोग का प्रावधान है जो धर्म ध्वजा थामने वाले महंत श्री रविशंकर महाराज जैसे साधु संतों को चुनाव ल?ने से रोकता है। चुनाव ल?ने अथवा न ल?ने का निर्णय श्री रविशंकर महाराज को करना है और किसे टिकट मिलेगा, इसका फैसला भाजपा नेतृत्व व चुनाव समिति करेगी। महन्त जी के निजी निर्णयों एवं भाजपा के आंतरिक मामलों में दखल देने वाले आखिर डॉ. गोविंद सिंह होते कौन हैं। अशोक चौधरी ने कहा कि यह राजतंत्र नहीं है, जहाँ एक ही व्यक्ति को तीस साल से टिकट मिलता आ रहा है, यह भाजपा द्वारा प्रतिष्ठित सच्चा लोकतंत्र है जहां जीत-हार की चिंता किए बगैर हर बार जनता के प्रति समर्पित रहने वाले सच्चे लोगों को ही टिकट दिए जाते हैं। गोविंद सिंह द्वारा रावतपुरा महंत पर पैसा इकट्ठा करने, व्यापार चलाने, स्कूल कॉलेज खोलने जैसे निहायत झूठे आरोप लगाने की तीखे शब्दों में भर्त्सना करते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि रावतपुरा आश्रम और इससे संबद्ध संस्थाएं एक विधिसम्मत ट्रस्ट द्वारा संचालित है, जिसका पूरा हिसाब किताब सार्वजनिक होने के साथ ही नियमित ऑडिट होता है। तमाम जांचों में उनका ट्रस्ट पाक साफ साबित होकर निकला है। खुद डॉ. गोविंद सिंह ही इस बात का जवाब दें कि वे कल तक एक गुमठी में बैठकर चूरन चटनी बेचते थे और आज उनके पास अटाटूट संपत्ति कहाँ से अर्जित हो गई। वे बताएं कि उनका कौन सा व्यापार धंधा चल रहा है। सारी संपत्ति उन्होंने दिग्विजय सिंह के दस साल व कमलनाथ के सवा साल के शासन में सत्ता का दुरुपयोग कर अर्जित की है।

अशोक चौधरी का खुलासा ÷ कांग्रेस में दुकान ठप होने के बाद भाजपा में आने की फिराक में थे गोविंद सिंह

बकौल अशोक चौधरी, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कमलनाथ सरकार के पतन के बाद लहार विधायक गोविंद सिंह ने भोपाल में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के बंगले पर ढोक लगाकर भाजपा में घुसने का असफल प्रयास किया था, इसके बाद से ही वे कांग्रेस में भी विश्वसनीय नहीं रह गए हैं। खुद कमलनाथ के नजदीकी पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने गोविंद सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलकर उन पर तीखे आरोप लगाए थे। जो अपनी पार्टी का नहीं हो सका, वह लहार की जनता के प्रति वफादार या साधु संतों के प्रति श्रद्धानवत कैसे हो सकता है।

# भिण्ड पुलिस द्वारा नाईट कॉम्बिंग गश्त में अपराधियों गुण्डों बदमाशों के विरूद्ध की गई ताबड़-तोड़ कार्यवाही





**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री (आईपीएस) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में भिण्ड जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 8 - 9 जुलाई 2023 की दरम्यानी रात कॉम्बिंग गश्त का अभियान चलाया गया, जिसमें रात्रि के समय होने वाले अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों को पकड़ने अपराधियों में भय पैदा करनें रात्रि के समय वाहनों द्वारा अवैध शराब अवैध हथियार परिवहन अन्य अवैधानिक गतिविधियों की रोकथाम एवं जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने 1216 अधिकारी / कर्मचारियों की कुल 37 टीमें बनाकर ताबडतोड कार्यवाही की गई।उक्त गश्त के दौरान निम्नानुसार कार्यवाही की गई ~ स्थाई वारंट तामील 37,गिरफ्तारी वारंट तामील 93, फरार गिरफ्तार आरोपियों ( 299 जा. फौ.) की संख्या 03,अन्य अपराधों में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 08,आबकारी प्रकरण 09 (27.06 ली. शराब जब्त की गई ),हिस्ट्रीशीटर चेक किए गए 107 पूर्व जिला बदर चैक 08,गुंडा चैक~ 112,एटीएम चैक 80,वाहन चैकिंग 323 चैक किये गए।

# आखिर पुलिस वाले भी इंसान हैं :वर्दी की हमदर्दी से एक वृद्ध मां पहुंची अपने घर






**भोपाल/विदिशा।** एक वृद्ध महिला कटनी मध्यप्रदेश की रहने वाली है। गत 7 जुलाई की देर रात विदिशा की सड़कों पर भटक रही थी। इस दौरान थाना सिविल लाइंस मैं ड्यूटी पर तैनात पुलिस उप निरीक्षक जेपी मालवीयऔर आरक्षक सुरेश रघुवंशी ने देखा कि एक बुजुर्ग महिला बारिश में सड़क पर भटक रही है। जब दोनों पुलिस कर्मियों ने उन्हें देखा तो मानवीयता दिखाते हुए तुरंत अपनी गाड़ी में बैठा कर सिविल लाइन थाना ले लाए। इसके बाद सहानुभूति पूर्वक चर्चा करते हुए उनका पता जानने का प्रयास किया। वृद्ध मां के पास मिले दस्तावेजों में जो फोन नंबर थे उनके आधार पर पुलिस ने उनके बेटे को सूचना दी । वृद्ध माता को फिलहाल पुराना अस्पताल स्थित विदिशा के श्रीहरि वृद्ध आश्रम में रखा गया है।वह कटनी की रहने वाली हैं।वृद्ध आश्रम के संचालक वेद प्रकाश शर्मा और श्रीमती इंदिरा शर्मा ने उन्हें सम्मान सहित वृद्ध आश्रम में प्रवेश देकर उनके परिवार की जानकारी ली और माता को आत्मीय प्रेम देकर माता की घबराहट दूर की। बताया गया है कि उक्त बुजुर्ग महिला अपने परिवार की प्रता?ना से तंग आकर घर से निकल आई और भटक कर यहां आ गईं। आश्रम अध्यक्ष श्रीमति इंदिरा शर्मा के आग्रह पर भी वे फिलहाल आश्रम में रुकने को तैयार नही है। हालांकि पुलिस आरक्षक सुरेश रघुवंशी ओर उप निरीक्षक जेपी मालवीय ने कर्तव्यनिष्ठता का परिचय देते हुए वृद्ध मां के बेटे को विदिशा बुला लिया है। साथ ही वृद्ध आश्रम की टीम के समक्ष उन्हें सम्मान सहित वापस अपनों के बीच पहुंचाने में सफलता अर्जित की है।आश्रम अध्यक्ष श्रीमति इन्दिरा शर्मा ने समस्त पुलिस टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया और वृद्ध माता जी को माला पहना कर और तिलक कर आश्रम से विदा किया।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए डेढ़ दर्जन लोग



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**लहार ।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ लगभग डेढ़ दर्जन लोग कांग्रेस में हुए शामिल।युवक कांग्रेस के पूर्व राष्टीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह मौजूद रहे।कुंजन चौधरी, छुन्ना दुबे,दबोह नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 से बीजेपी प्रत्याशी रहे कल्याण सिंह दोहरे, शकील खान,सोनू शर्मा,भान सिंह दोहरे,मोहनलाल दोहरे,सोबरन दोहरे, काशी प्रसाद रजक,राम कुमार कुशवाहा,वीर सिंह कुशवाहा, मलखान सिंह कुशवाहा,हाकिम सिंह जाटव ,सर्वेश कुशवाहा,देव सिंह कुशवाहा,नीरज रजक,देव सिंह कुशवाहा कुंवरपुरा आदि लोग कांग्रेस में शामिल हुए।

# शहर कांग्रेस ने मंडलम प्रभारी किये नियुक्ति

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के 21 जुलाई को ग्वालियर आगमन को लेकर मंडलम प्रभारी घोषित किये हैं।मण्डलम 1 आनंद शांति शाक्य, मंडलम 2 संजय यादव,मंडलम 3 प्रमोद दीक्षित,मंडलम 4 महेश बौहरे,मंडलम 5 संजीव बरुआ,मंडलम 6 अनिश कुरेशी,मं?लम 7 वीर प्रकाश श्रीवास्तव, मंडलम 8 राजेश शर्मा,मंडलम 9 बलराम जाटव,मंडलम 10 मोहर सिंह जाटव,मंडलम 11 गौरी शंकर त्रिवेदी,मंडलम 12 दीपचंद तिवारी,मंडलम 13 यतेंद्र मिश्रा, मंडलम 14 अंकित तोमर,मंडलम 15 मनोज जैन मामा,मंडलम 16 बृजेंद्र सिंह भदोरिया मुन्ना,मंडलम 17 हिम्मत सिंह हरिऔध,मंडलम 18 पान सिंह सुमन बाबूजी,मंडलम 19 राहुल हरिसिंह, 20 मनीष शर्मा नियुक्ति किये गए।

# मध्य प्रदेश में जल्द होंगे आईपीएस के तबादले: 3ए डी जी, 2 आई जी 5 डी आई जीसहित 8 पुलिस अधीक्षक के नाम शामिल, पीएचक्यू ने गृह विभाग को भेजी सूची...

**केशब पंडित जी ब्यूरो चम्बल...??**




**भोपाल।**मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव (म.प्र. 2023) से पहले तबादलों का दौर जारी है। महीने भर पहले जारी हुई जिलों में पदस्थ आईपीएस अफसरों के तबादले की सूची के बाद एक और ट्रांसफर लिस्ट तैयार की गई है। जिसे पुलिस मुख्यालय ने तैयार कर गृह विभाग को भेजी है। यानी जल्द ही प्रदेश में आईपीएस के तबादले होंगे।बताया जा रहा है कि इस तबादला सूची में 3 एडीजी, दो आईजी, पांच डीआईजी सहित 8 पुलिस अधीक्षक शामिल है। सूची में शामिल आधा दर्जन आईपीएस अफसर पीएचक्यू में अटैच किए जा सकते है। एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षकों की आधी सूची भी बनकर तैयार हो गई है। पूरी सूची बनने के बाद इसे जारी किया जाएगा।वहीं निरीक्षकों की सूची दो बार में जारी की जा सकती है। सोमवार से ईओडब्ल्यू ,लोकायुक्त, एसटीएफ के लिए निरीक्षकों की सूची बनना शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा सत्र के बाद सभी सूची जारी होंगी। इलेक्शन कमीशन ने पुलिस विभाग में ट्रांसफर को लेकर 31 जुलाई तक डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। इससे पहले लिस्ट जारी होंगी। 31 जुलाई के बाद चुनाव आयोग बचे हुए तबादले करेगा।

# नवकार मंत्र का जाप करने से जन्म-मरण का निवारण होता है : मुनि राजपअसागरजी म.सा,

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।**जे.पी.पी. श्रमणी भवन में नवकार महामंत्र भाष्य जाप - अनुष्ठान हुआ. म.सा ने कहा कि भाष्य जाप करने से आकर्षक होता है. भाष्य जाप करने से सामुहिक जाप - ध्यान करते है तो सामुहिक पुण्य का उपार्जन होता है और सामुहिक पुण्य का उपार्जन सामुहिक फलदायी बनता है। अलग-अलग मुद्रा के द्वारा जाप हुआ। ज्ञानमुद्रा के द्वारा मन नहि भटकता, और ज्ञानं नहि चढता हो तब ज्ञान मुद्रा से जाप करने से मन स्थिर ए याद शक्ति ब?ती है. (2) वायुमुद्रा से पेट की बीमारी हो तो



वायु मुद्रा से जाप करते हो तो पेट की बीमारी दूर हो जाती है... (3) समन्वय मुद्रा से - सिरदर्द की तकलिफ दूर होती, माइग्रेन जैसी ब?ी बीमारी दुर होती है.. (4) शंखमुद्रा से जाप करने से भय दूर होता है. बोलने में डर लगता है जीभ अटकती हो बराबर से बोला नहि जाता हो तो शंखमुद्रा की सहित नवकार मंत्र का जाप करने से डर दूर हो जाता है. मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा कहा कि तीन प्रकार से जाप होते है. (1) भाष्य जाप उच्चारण पूर्वक (2) उपांसुजाप जीभ और होठ के द्वारा (3) मानसजाप - यानि मन में जाप करना. जे.पी.पी. श्रमणी भवन में आज नवकार महामंत्र के भाष्य जाप अनुष्ठान में बहुत बड़ी संख्या में श्रावक श्राविका उपस्थित रहे।

# विधायक कोष से विधायक शोभा चौहान ने गौशाला टीन शेड निर्माण के लिए दश लाख रुपए राशि की अनुशंसा

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली ।**श्री ईश्वर गौशाला संस्था करमावास मालियान के परिसर में विधायक कोष से दस लाख रुपए की राशि की अनुशंसा टीन शेड निर्माण कार्य के लिए आदरणीय लोकप्रिय सोजत विधानसभा विधायक श्रीमती शोभा चौहान द्वारा अनुशंसा करने पर श्री ईश्वर गौशाला संस्था करमावास मालियान



के अध्यक्ष डावरराम पटेल एवं समस्त गौशाला कार्यकारणी सदस्यों द्वारा विधायक का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते है। इस पुनीत कार्य के मौके पर कृष्ण पाल सिंह, महेंद्र सिंह, लालसिंह,सोम दाधीच , भरत कुमावत,नाथुराम माली भी उपस्थित रहे। विधायक द्वारा गौशाला संस्था एवं समस्त करमावास मालियान ग्रामवासियों द्वारा बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## रोटरी क्लब ने किये पौधे रोपित

# वृक्ष हैं तो जीवन है, पर्यावरण की रक्षा जनमानस की सुरक्षा-अखिलेश राय





**सीहोर।** रोटरी क्लब द्वारा रविवार को इंदौर नाके से क्रिसेंट चौराहे तक पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, रोटरी अध्यक्ष भारत गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी, अजय जैन, जौली कुरियन, राजेश काशिव, कपिल अग्रवाल, के.पी. शास्त्री, आर.एन. निगौदिया, डॉ. पंकज जैन, अमित सोनी, प्रदीप शर्मा, दीपक राठौर, नवनीत ठकराल, डॉ. आशुतोष शर्मा, विपनेश जोशी सहित समाजसेवी दिग्विजय सिंह की उपस्थिती रही। इस मौके पर अखिलेश राय ने कहा कि वृक्ष हमारे सच्चे मित्र की भांति हैं। वृक्ष है तो जीवन है। पर्यावरण की रक्षा में ही जनमानस की सुरक्षा है।रोटरी अध्यक्ष भरत गुप्ता ने बताया कि आज लगभग 31 पौधे जिनमे नीम ,कदम, अशोक, चंपा आदि के पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा। श्री राय ने सभी से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए जहाँ भी रिक्त स्थान हो वहाँ पर पौधे अवश्य रोपित करें।

# मीराबाई की निरंतर प्रतिबद्धता और साहस हमें जीवन के महत्वपूर्ण सबक सीखाते है : महंत हरिदास

***पुष्पाजंली टुडे***

*__बेंगलुरू :__ अग्रहार दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में रामदेव भक्त मंडल व सनातन धर्म के तत्वाधान में चातुर्मास आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मीरा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ । संत महंत हरिदास महाराज ने प्रवचन में मीराबाई के कथा के छठे दिन कहा की भगवान कृष्ण के प्रति उनके निरंतर समपर्ण और साथ ही उनके आध्यात्मिक पथ ने उन्हें प्रेम ,विश्वास और भक्ति का प्रतीक बना दिया । मीरा बाई की निरंतर प्रतिबद्धता लचीलापना और साहस हमें जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाते है ।जिंन्हे हम वर्तमान समय में लागु कर सकते है । आगे मीराबाई कथा का श्रवण करते हुए भजनों कि प्रस्तुतियां दी ।आवो नी सांवरिया म्हारे देश,..सूती म्हाने सपनों आजुईयो..सरीखे भजन पेश कर श्रोताओं*



*को मंत्रमुग्ध कर दिया ।आज के कार्यक्रम के आरती एवं प्रसाद के लाभार्थी पटेगारपाल्या महिला मंडल रही । वही सुगन चंद चौहान, मुकेश साहू, रामअवतार जांगिड़, राजेंद्र जांगिड़, इन्द्रचंद जांगिड़, हेमंत जांगिड़, महावीर जांगिड़, वैभव जांगिड़, रामदेव भक्त मंडल ने व्यवस्था में सहयोग दिया ।इस कार्यक्रम में विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों का माला साफा शाल द्वारा स्वागत किया गया । जिसमें बलेपेट बडेर के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत, सचिव अमराराम चोयल, सुकतंकट्टे वडेर के सचिव हनुमान राम बर्फा ,सह -सचिव भँवर लाल गेहलोत, सरक्षंक इन्द्रलाल सोलंकी , जांगिड़ समाज से पन्नालाल, भंवरलाल, जगताराम, रतनसिंह राजपुरोहित, देवासी समाज मागड़ी रोड के पूर्व अध्यक्ष एस. भानाराम बार का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया । इस मौके पर रामदेव भक्त मंडल एवं सनातन धर्म के सभी सदस्य उपस्थित रहे।*

# सत्ता परिवर्तन जन संघर्ष यात्रा पूर्व विधायक राजेंद्र भारती के नेतृत्व में शनिवार को रायपुर, काम्हर, नौनेर गांवों में पहुंची





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया।** पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती के नेतृत्व में दतिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 में ग्रामीण क्षेत्रों में सत्ता परिवर्तन हेतु जन संघर्ष यात्रा चलाई जा रही है। राजेन्द्र भारती पूर्व विधायक द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामों में घर-घर जाकर भ्रमण एवं जनसंपर्क किया गया तथा कमलनाथ द्वारा की गई पांच ब?ी घोषणाओं के बारे में ग्रामीणजनों को अवगत कराया एवं घर-घर जाकर कांग्रेस की योजनाओं को विस्तार से बताया और महिलाओं के नारी सम्मान के फार्म भी भरे गये।उक्त यात्रा में मुख्य रुप से सुरेश झा, सूर्य प्रताप सिंह, मुरारीलाल शर्मा खदरावनी,अजय शुक्ला, केशव सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह बुंदेला, रामबाबू यादव, राजेश यादव, शिशुपाल यादव, रामू सेंगर, रवि दांगी एडवोकेट, चाली राजा, राघवेंद्र फौजी,मोहन कुशवाहा, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद यादव, भगवती योगी, गजेन्द्र राजा, सुनील अहिरवार, सरदार सिंह यादव, मानवेन्द्र कुशवाहा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे,।।

# भिण्ड के अनुज प्रताप तमिल वेब सीरीज में

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिण्ड/**अमेजन प्राइम की तमिल वेब सीरीज ÷स्वीट कारम कॉफी÷ में ग्राम असनेहट जिला भिण्ड में जन्मे ध्रुपद गायक अनुज प्रताप सिंह ने गायन व अभिनय किया है। इस के मुख्य कलाकार ?िल्म फूल और काँटे फेम अभिनेत्री मधु तथा डायरेक्टर विजय नाम्बियार हैं। ये वेब सीरीज 6 जुलाई 2023 को रिलीज हुई है। ध्यातव्य है कि महज 17 वर्ष की आयु में विश्व संगीत समागम तानसेन संगीत समारोह में ध्रुपद गायक के रूप में अपनी प्रस्तुति देने वाले एवं अखिल भारतीय स्तर पर अपने संगीत कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अपनी पहचान बनाने वाले अनुज प्रताप आचार्य गजेंद्र सिंह4 कुशवाह सेवानिवृत्त शिक्षक आर्य नगर भिण्ड के पुत्र हैं। राष्टपति द्वारा सम्मानित शिक्षक डॉ सुनील त्रिपाठी निराला ने बताया कि भिंड के अनेक होनहार बेटे-बेटियां न सिर्फ भारत बल्कि वैश्विकस्तर पर चंबलघाटी की मिट्टी की सोंधी महक को बिखेरने में लगे हैं। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए सुखद संकेत है। अनुजप्रताप की इस उपलब्धि पर अनेक गणमान्य नागरिकों सहित शहर वासियों ने शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की हैं।



सम्पादक की कलम से

# डेटा सुरक्षा की पहल

से-जैसे हमारे जीवन में ऑनलाइन सुविधाओं का विस्तार हुआ, डेटा सुरक्षा और व्यक्ति की निजता की सुरक्षा के लिये सख्त कानून की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की गई। खासकर पिछले कुछ वर्षों में धोखाधड़ी और डेटा के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ती रही हैं। सरकार ने अब इस दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी है। जिससे मानसून सत्र में विधेयक के संसद में पेश किये जाने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, सरकार के भीतर और बाहर संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित कानून को लेकर कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2019 में व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश किया था और तुरंत एक संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया था। पैनल को अपनी रिपोर्ट पेश करने में करीब दो साल लग गये। जिसमें समिति ने सिफारिश की थी कि किसी भी प्रावधान के आवेदन में सरकारी एजेंसी द्वारा व्यक्तिगत डेटा के उपयोग से जुड़ी छूट को लेकर पर्याप्त सुरक्षा उपाय निर्धारित किये जाने चाहिए। जिससे निजी डेटा के दुरुपयोग की आशंका को टाला जा सके। अंततः अगस्त, 2022 में पुराने विधेयक को वापस ले लिया गया और तीन महीने बाद सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक का मसौदा जारी किया। फिर सार्वजनिक रूप से परामर्श आरंभ किया। मसौदे को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई क्योंकि इसमें केंद्र द्वारा अधिसूचित संस्थाओं को नागरिकों का डेटा एकत्र करने और उसके उपयोग के उद्देश्य के बारे में स्पष्टीकरण देने से छूट दी गई थी। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि लोगों को आश्वस्त किया जाये कि नवीनतम मसौदे में सरकारी एजेंसियों को पूर्ण छूट नहीं दी गई है। साथ ही विधेयक में मानदंडों के उल्लंघन से जुर्माने के दायरे में उन्हें भी आना होगा। बताया जा रहा है कि डिजिटल डेटा संरक्षण कानून निजी तथा सरकारी संस्थाओं पर समान रूप से भी लागू होगा। अब आईटी कंपनियों को यह जानकारी साझा करनी होगी कि वे नागरिकों की कौन सी सूचनाएं अथवा आंकड़े जुटा रही हैं और कितना संग्रहण कर रही हैं तथा कितना किसी अन्य के साथ साझा कर रही हैं। यह इसलिये भी जरूरी है कि पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों के आधार कार्ड व पैन कार्ड से संबंधित डेटा चोरी होने, साझा करने तथा लीक करने के मामले लगातार प्रकाश में आते रहे हैं। संदेह की सुई देशी-विदेशी कंपनियों की तरफ घूमती रही है। सख्त कानून के अभाव में सरकार भी कार्रवाई करने में असहाय नजर आती रही है। इतना ही नहीं, कई सुविधा प्रदाता कंपनियों के सर्वर तक विदेशों में स्थित होते हैं। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विदेशों में रखे डेटा का दुरुपयोग नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ता जब कोई एप डाउनलोड करता है तो हमारी निजी जानकारी तक पहुंचने की अनुमति मांगी जाती है।

# व्यावहारिक नीति के क्रियान्वयन से ही सफलता

आज से एक वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले 19 उत्पादों पर बैन लगाया गया था। स्थिति यह है कि उक्त सभी प्रोडक्ट केवल सरकार की निगाह में प्रतिबंधित हैं लेकिन असल में धड़ल्ले से चल रहे हैं। विडंबना यह कि धरातल पर काम नहीं होते हैं। सरकार ने प्रतिबंध के लिए एक अलग से विभाग गठित किया लेकिन मिलीभगत से सब संचालित होता रहता है। इस तरह के आदेश पहले भी कई बार किये जा चुके हैं लेकिन इसका असर मात्र कुछ दिन ही दिखा उसके बाद फिर वही स्थिति आ जाती है। करीब चार वर्ष पूर्व भी दिल्ली सरकार ने एलडी, पीपी, एचएम व बबल वाली पॉलिथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन वे अब भी वह खूब बिक रही हैं।



इस खेल में आश्चर्य यह कि इसकी फैक्ट्रियां आज भी खुलेआम माल बना रही हैं और उनमें किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। कुछ समय पूर्व सरकार ने 50 माइक्रोन से ज्यादा डेली यूज प्लास्टिक के लिए आदेश जारी किए थे लेकिन अब इसमें बदलाव कर 75 माइक्रोन कर दिया। असल में खरीदार यह लेने को तैयार नहीं हैं चूंकि उनको ज्यादा माइक्रोन की पॉलीथिन महंगी पड़ती है जिससे उनका मुनाफा घट जाता है।

यदि वाकई प्लास्टिक पर बैन लगाना है तो सरकार की ओर से बड़े एक्शन प्लान की जरूरत है। इस मामले में जरा सी लापरवाही व गलती पर तुरंत एक्शन ले लिया जाए। जिस तरह कोरोना काल में मास्क लगाने के लिए चप्पे-चप्पे पर वॉलंटियर खड़े कर दिये थे तो कोई भी बिना मास्क के नहीं दिखता था। मास्क जरा सा नीचे दिखने पर भी चालान काट दिया जाता था। इस मामले में भी कुछ इस तरह की रणनीति बनानी होगी।

दरअसल सरकारें अपनी ओर से प्रयास करती हैं लेकिन विभागीय स्तर पर सही कार्यान्वयन नहीं होता है। जिम्मेदार अमले को यह समझना होगा कि उनके इस कृत्य से मानव जीवन पर प्रहार हो रहा है। वहीं महानगर वासियों को भी पर्यावरण नियमों के पालन व सुधार के प्रति दृढ़ और जागरूक रहना चाहिये। अपनी दिनचर्या व संचालन प्रक्रिया में थोड़ा सा बदलाव कर मानव जीवन को सुरक्षित करें।

वैश्विक संस्थाओं की ओर से पर्यावरण के प्रति जागरूक करने को प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हमारे देश में भी इसको बेहद गंभीर मुद्दा माना जा रहा है लेकिन लोग कुछ देर ही जागरूक होकर फिर पुराने ढर्रे पर आ जाते हैं। इसमें दो राय नहीं है कि सरकारें ऐसे मामलों में बड़ा बजट पारित करती हैं व इसके प्रति गंभीर भी रहती हैं। लेकिन नागरिक इस बात की पर्याप्त गंभीरता नहीं समझ पा रहे हैं। यदि हम आज भी छोटी-छोटी चीजों को समझ कर उन पर अमल करना शुरू कर दें तो निश्चित तौर पर हम अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण व स्वस्थ जीवन दे सकते हैं।

बीते दिनों केन्द्रीय पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के एक अध्ययन में सामने आया कि एक व्यक्ति एक साल में करीब 8 किलो प्लास्टिक कचरा फेंकता है और महानगरों में इसकी संख्या चौगुनी है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती हैं, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूजल पीने योग्य नहीं रह जाता वहीं रंगीन प्लास्टिक बैग से कैंसर रोग हो सकते हैं। महानगर वासी तो पहले से ही प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। पानी को पीने योग्य बनाने के लिए भी आरओ वॉटर सिस्टम लगाते हैं। महानगरों में शायद ही ऐसा कोई घर हो जहां यह सिस्टम न लगा हो। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, प्लास्टिक के 20 माइक्रोन या इनसे पतले उत्पाद पर्यावरण के लिए बहुत घातक हैं। इन थैलियों के मिट्टी में दबने से फसलों के लिए उपयोगी कीटाणु मर जाते हैं। इन थैलियों के प्लास्टिक में पॉलीविनाइल क्लोराइड होता है जो मिट्टी में दबे रहने पर भूजल को जहरीला बना देता है। ऐसे उदाहरण कई बार सामने आ चुके हैं लेकिन फिर ऐसी घटनाओं को हल्के में लिया जाता रहा है।

यह भी तथ्य है कि बारिश में प्लास्टिक थैली आदि कचरे से नदी-नाले अवरुद्ध हो जाते हैं जिससे बाढ़ का खतरा पैदा होता है। इसके अलावा हवा में प्रदूषण फैलने से कई तरह के रोग फैलते हैं। उधर प्लास्टिक कचरा खाने से आवारा पशु मर जाते हैं। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से हर साल पूरी दुनिया में दस करोड़ जीव-जंतु मर जाते हैं। प्रभावित समुद्री जीवों को जो लोग खाते हैं उनको कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। दुनिया में कई देश ऐसे हैं जो समुद्री भोजन खाते हैं। ऐसे देशों में कैंसर पेशेंट की संख्या ज्यादा है। ऐसे तमाम उदाहरण हैं प्लास्टिक के पर्यावरण को नुकसान बताने के लिए लेकिन सवाल यही है कि इस पर नियंत्रण कैसे पाया जाए। इस समय यदि इस मामले पर ईमानदारी से काम नहीं हुआ तो हम आने वाली पीढ़ी को विरासत में बहुत खतरनाक बीमारियां दे जाएंगे। ऐसे में हर नागरिक का दायित्व है कि जहां भी अवैध रूप से पर्यावरण को बिगाड़ने वाली गतिविधि हो रही हो वहां का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालते हुए सभी को टैग कर दिया जाए। इसके अलावा सरकारों को भी कार्यान्वयन करने वाले अपने तंत्र को दुरुस्त व कड़ा करना चाहिये। लेकिन सबसे पहले नागरिक के तौर पर हमें सुधरने की जरूरत है। प्लास्टिक की थैली या संबंधित प्रतिबंधित सामग्री में सामान लेने से इनकार करने की आदत डालें।

# अनहोनी का होना, होनी का न होना

देखो जी, एक दिन तो सबको ही मिट्टी होना है। लेकिन यह तो हो गया दर्शन यानी फिलोसफी या फिर बाबाओं का ज्ञान। लेकिन दुनियादारी देखो तो भी सब मिट्टी में ही मिल रहा है। शिक्षा के अभाव में बचपन मिट्टी में मिल रहा है। बेरोजगारी के कारण नौजवानों की जवानी मिट्टी में मिल रही है। किसानों को तो वैसे ही मिट्टी संग मिट्टी होने की आदत है। ऐसे में उसकी फसल अगर मिट्टी के मोल बिके या मिट्टी में रुल जाए तो क्यों किसी को दर्द हो। इधर व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के ज्ञान ने नामचीन यूनिवर्सिटियों के ज्ञान को मिट्टी में मिला दिया है। ट्रोल सेना ने बड़े-बड़े बुद्धिजीवियों को मिट्टी में मिला दिया है।

चुनाव की राजनीति ने विचारधारा और सिद्धांतों को मिट्टी में मिला दिया। न किसी को अफसोस, न आश्चर्य। लेकिन आश्चर्य यह कि इधर एक मुख्यमंत्री का इस्तीफा मिट्टी में रुलता नजर आया। नहीं मणिपुर का मणि मिट्टी में रुल रहा है, इसका अफसोस नहीं है। मिट्टी में रुलती फिर रही है तो कोई बात नहीं। आश्चर्य की बात यह है कि मणिपुर के तो मुख्यमंत्री का इस्तीफा तक मिट्टी में रुलता नजर आया।

बड़ी मांग हो रही थी साहब कि मुख्यमंत्री इस्तीफा दो-मुख्यमंत्री इस्तीफा दो। मणिपुर सुलगता रहा, लेकिन उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। राज्यों के धूं-धूं करने पर आजकल इस्तीफा कहां दिया जाता है। हां, बस उन्होंने बंसी नहीं बजाई और इसीलिए किसी ने उन पर यह इल्जाम भी नहीं लगाया कि जब मणिपुर जल रहा था, तो मुख्यमंत्री बंसी बजा रहे थे। हिंसा होती रही, लेकिन उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। लोगों के मरने पर अगर इसी तरह इस्तीफे दिए जाते तो पिछले दिनों हुई रेल दुर्घटना में लोगों के मरने पर रेल मंत्री को भी इस्तीफा देना पड़ता। लेकिन कहां दिया। मुख्यमंत्री बेशक बंसी नहीं बजा रहे थे, पर चैन में थे। लेकिन इस चैन ने अंततः उन्हें इतना बेचैन कर दिया कि आखिरकार एक दिन उन्होंने इस्तीफा दे ही दिया। यह तो अनहोनी थी। खुद मणिपुर की जनता इससे बेचैन हो उठी कि मुख्यमंत्री ने ऐसी अनहोनी को होनी कैसे होने दिया। क्या उनके प्यार का मुख्यमंत्रीजी यह सिला देंगे। सो वे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए और मुख्यमंत्री के हाथ से इस्तीफा लेकर उसे चिंदी-चिंदी कर मिट्टी में रुला दिया। किसी उद्यमी ने बाद में उन चिंदियों को जोड़ा और उसे संग्रहालय में रखने योग्य बना दिया। इस तरह मुख्यमंत्री ने कुर्सियों से चिपके नेताओं को एक रास्ता दिखा दिया कि कोई इस्तीफा मांगे तो इस तरह इस्तीफा देने में कोई हर्ज भी नहीं है।



पेज-6 टीम इंडिया डोमिनिका पहुंची, 3 दिन बाद मुकाबला

# सत्ता की राजनीति में विचार-सिद्धांतों की बलि

हाल ही की बात है। अमेरिका के अपने ऐतिहासिक दौरे के ठीक बाद प्रधानमंत्री ने भोपाल में अपने समर्थकों की एक सभा में छाती ठोक कर 'गारंटी' दी थी कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार का झंडा गाड़े लोगों को उखाड़ फेंकेंगे। बड़े नाटकीय अंदाज में कही थी उन्होंने यह बात। और श्रोताओं ने तालियां बजाकर उनके इस अंदाज की प्रशंसा की थी। उस सभा में प्रधानमंत्री ने नाम लेकर महाराष्ट्र के राजनीतिक दल नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं को भ्रष्टाचारी बताया था और बड़े-बड़े घपले गिनाये थे। अच्छा लगा था यह सुनकर और पिछले उदाहरणों के बावजूद यह विश्वास करने का मन किया था कि भ्रष्टाचार की राजनीति करने वालों के खिलाफ अब कुछ ठोस कार्रवाई होगी। पर इस 'गारंटी' के लगभग एक सप्ताह बाद ही महाराष्ट्र की राजनीति में जो उठापटक हुई उससे यह विश्वास चूर-चूर हो गया। एनसीपी के नेता अजित दादा पवार पर प्रधानमंत्री पहले भी करोड़ों-करोड़ों के सिंचाई घोटाले और सहकारी बैंक घोटाले का आरोप लगा चुके हैं, इसी 'अपराध' की सज़ा देने की बात उन्होंने फिर दुहराई थी।

यही नहीं, महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने भी अजित पवार को 'चक्की पीसिंग पीसिंग' का श्राप दिया था। लेकिन एक ही झटके में वह सारी बातें हवा हो गयीं। अजित पवार के नेतृत्व में एनसीपी के कुछ नेताओं ने बगावत कर दी और 'चाल-चरित्र' का दावा करने वाली 'दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी' ने भ्रष्टाचार के सारे आरोपों को भुलाकर उन्हें अपने दामन में समेट लिया। अब फडणवीस के साथ अजित पवार भी महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री हैं और प्रदेश में तीन इंजनों वाली सरकार काम कर रही है।

महाराष्ट्र की राजनीति पर इस राजनीतिक भूचाल का क्या असर पड़ता है यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, लेकिन प्रधानमंत्री की 'गारंटी' ने और उसके तत्काल बाद इस परिघटना ने राजनीति में नैतिकता के सवाल को फिर से उछाल कर सामने ला दिया है। यूं तो राजनीति में नैतिकता की अपेक्षा करना अपने आप में एक मज़ाक लगने लगा है, फिर भी जब कोई बड़ा नेता राजनीति से भ्रष्टाचार को मिटाने की गारंटी देने का काम करता है तो यह आकांक्षा बलवती हो जाती है कि शायद वह ईमानदारी से कह रहा हो!



सत्तारूढ़ दल के नेता अक्सर बड़े गर्व से यह बात कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' वाली राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह भी सही है कि भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों पर अभी तक भ्रष्टाचार का कोई सीधा आरोप नहीं लगा है, पर भ्रष्टाचार के आरोपी व्यक्तियों को अपने साथ लेकर या उनके सहारे राज्यों में सरकारें बदलने-बनाने का एजेंडा चलाकर पार्टी हमारी राजनीति के भ्रष्ट चेहरे को ही सामने ला रही है। विभिन्न राज्यों में दाग़ी व्यक्तियों के सहारे सत्ता पर कब्ज़ा करने के उदाहरणों को अब खोजना नहीं पड़ रहा। आये दिन ऐसे राजनेताओं के चेहरे सामने आ रहे हैं, जिन पर भाजपा नेताओं द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जाते रहे थे और फिर उनके भाजपा में आते ही वे साफ-सुथरे बन गये! इसी संदर्भ में भाजपा को उसके विरोधी अक्सर ऐसी 'वॉशिंग मशीन' कहते रहते हैं जिसमें भ्रष्ट राजनेता बेदाग हो जाते हैं। भाजपा के नेता ऐसी बातों को पूरी तरह से अनसुना कर देते हैं।

आज आवश्यकता इस अनसुने को सुनने की है। वैसे तो राजनीति को शैतानों की अंतिम शरणस्थली कहा गया है और यह मान लिया गया है कि राजनीति में नैतिकता की अपेक्षा करना ही ग़लत है, फिर भी यह सवाल तो उठता ही है कि हमारी राजनीति संस्कारहीन और अनैतिक क्यों होती जा रही है? क्यों राजनीतिक दलों को आपराधिक तत्वों के सहारे राजनीति करने की मज़बूरी को झेलना पड़ता है और क्यों ऐसा नहीं हो पाता कि जनता ऐसे तत्वों को नकार दे।

यह अपने आप में विडंबना ही है कि हर रंग का राजनेता अपने बेदाग होने का दावा करता है और हमारी राजनीति ऐसे दावों का मजाक उड़ाती दिखती है। आज यह गिनना आसान नहीं है कि आज हमारे कितने बड़े नेताओं पर कितने बड़े-बड़े आरोप लगे हुए हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले कई राजनेता राजनीतिक दलों और सरकारों में ऊंचे-ऊंचे पदों पर बैठे हुए हैं। सरकारें अक्सर अपने विरोधियों पर भ्रष्टाचार समेत अनेक आपराधिक कार्यों के आरोप लगाती हैं और अक्सर ऐसे आरोपी राजनीतिक स्वार्थों को साधने के लिए या तो नज़रंदाज कर दिये जाते हैं या फिर आरोप-मुक्त कर दिये जाते हैं।

असली एनसीपी का नेता होने का दावा करने वाले अजित पवार पर भाजपा कल तक भ्रष्टाचार का आरोप लगाती रही है। यही नहीं, तीन साल पहले जब अजित पवार के साथ मिलकर भाजपा के देवेंद्र फडणवीस ने सरकार बनायी थी तो रातों-रात अजित पवार पर चलने वाले मामले वापस ले लिए गये थे। आज उस अड़तालीस घंटे वाली सरकार की इसी कार्रवाई का नाम लेकर अजित पवार स्वयं को बेदाग बता रहे हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जैसी संस्थाएं हमारे यहां भ्रष्ट नेताओं की छान-बीन करती हैं, पर अक्सर यह और ऐसी अन्य संस्थाएं सरकारों के राजनीतिक हितों की रक्षा ही करती दिखी हैं। जब ज़रूरत लगती है सरकारें इन एजेंसियों को अपने विरोधियों को सबक सिखाने के काम में लगा देती हैं और फिर सरकारों की सुविधा के अनुसार मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सवाल उठता है इन एजेंसियों का दुरुपयोग कब और कैसे बंद होगा?

लेकिन इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि मतदाता कब अपनी निर्वाचित सरकारों से यह पूछेगा कि उन्हें अनैतिकता से डर क्यों नहीं लगता? कब यह सवाल पूछा जायेगा कि वह कौन-सी गंगा है जिसमें डुबकी लगाकर कोई अपराधी आरोप-मुक्त हो जाता है? नहीं, राजनीतिक दल या राजनेता ऐसे सवाल नहीं उठायेंगे, यह सवाल देश के जागरूक नागरिक को उठाना होगा। हर नागरिक को अपने मुखिया से पूछना होगा कि उनकी गारंटी का क्या हुआ? नागरिक को अपने नेताओं से पूछना होगा कि वे झूठे आश्वासन क्यों देते हैं और क्यों उन्हें लगता है कि देश उनके हर गढ़े गये सत्य को, उनके हर अपराध को सुनता रहेगा, सहता रहेगा? और पूछना यह भी होगा कि सत्ता की इस राजनीति में कभी विचारों-सिद्धांतों के लिए कोई स्थान बनेगा या नहीं?

# क्षत्रिय धर्मशाला अंबाह में महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर के जन्मदिवस के कार्यक्रम के लिए आयोजित बैठक हुई संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**अंबाह/थरा।** क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ व समाजसेवी लोगों ने रविवार को दिल्ली पति अंनंग पाल सिंह तोमर के जन्म दिवस से पूर्व आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा ,तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न की गई जिसमें समाज से पधारे हुए वरिष्ठ समाजसेवी वरिष्ठ एवं युवाओं ने बैठकर आपस में तालमेल कर रैली को लेकर संबंधित तैयारियों के संबंधित विषयों पर बैठक ली इस बैठक में प्यारे सिंह तोमर दद्दू ,फतेह सिंह तोमर बाबूजी, इंद्र सिंह तोमर नेताजी , भागीरथ सिंह तोमर पटवारी



रामवीर सिंह तोमर बिंदुसार सिंह तोमर, परमाल सिंह परिहार राजू सिंह तोमर नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तोमर अरविंद सिंह परिहार भानु प्रताप सिंह तोमर पोरसा भानु प्रताप सिंह तोमर अंबाह ,अंकित सिंह तोमर पोरसा ,अंकित सिंह तोमर पोरसा, इंद्रपाल सिंह तोमर ,राजेश सिंह तोमर थरा ,श्याम बाबू सिंह तोमर आदि लोगों अपने अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम को किस तरह भव्य स्वरूप प्रदान किया जाए सभी ने एकजुट होकर एक सहमति से कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए सहमति प्रदान की 16 जुलाई 2023 को सुबह 11:00 बजे क्षत्रिय धर्मशाला अंबाह से रछेड होते हुए रुधाबली चीरहुआ खेरा पर एक सभा के साथ समापन होगा।

# श्रीमती प्रियंका गांधी के होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओ में बेहद उत्साह है :डॉ गोविंद सिंह

## भिंड जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मलित होंगे : मानसिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी का 21 जुलाई को ग्वालियर में होने वाली आमसभा की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक टिकासरा,भरौली तिराहा,भिंड में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 21 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी की सरकार के भृष्टाचार एवं कुशासन को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की आमसभा में कांग्रेसीजन अधिक से अधिक संख्या में ग्वालियर पहुंचे। डॉ सिंह ने कहा कि श्रीमती



प्रियंका गांधी के होने वाले कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह देखने को मिल रहा है, इससे साफ है कि भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त है और कांग्रेस की लहर है,डॉ सिंह ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि विधानसभा चुनाव 2023 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि भिंड जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। श्री कुशवाह ने कहा कि सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी,रणवीर सिंह भदौरिया,ब्रजकिशोर शर्मा,रामप्रकाश यादव,श्री शर्मा,धर्मेंद्र भदौरिया सहित जिला,शहर,नगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिन्दू समाज के बेटी के अपहरण एवं धर्मांतरण के मामले में सर्व समाज ने किया छुरा थाने का घेराव,

## सुबह आठ बजे तक का दिया गया अल्टीमेटम,




**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**छुरा**...बीते 5 जुलाई के मध्य रात्रि को छुरा विकासखंड के रसेला ग्राम पंचायत से एक हिन्दू लड़की को ग्राम पंचायत कनसिंघी के एक मुस्लिम लड़के व उसके सहयोगी के साथ मिल कर भाटापारा से चार पहिया वाहन लाकर लड़की को उसके घर से तकरीबन 2:00 बजे रात्रि को अपने साथ बहला फुसलाकर ले जाया गया। पुलिस द्वारा शिकायत के बावजूद ढूंढा नहीं जा सका है । अब गुमशुदा लड़की की तरफ से कथा कथित लिखित तौर पर थाना छुरा में पत्र भेजा जा रहा है कि वह अपने मर्जी से अपने प्रेमी के संग घर से निकली है और मुस्लिम धर्म को अपनाना चाह रही है, उन्होंने थाना से अनुरोध किया है कि उन्हें अलग पहचान से जाना जाए और अपने प्रेमी पर लगे सारे आरोपों से बरी किया जाए वहीं लड़की के पिता का कहना है कि, उसकी पुत्री को युवक और उनके सहयोग द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है और जबरन उनसे विविध प्रकार के बातें लिखवा कर पुलिस को भ्रमित करने के लिए भेजा जा रहा है उन्होंने पुलिस प्रशासन से सर्व समाज के साथ मिलकर मांग किया है कि, उनकी पुत्री को उनके समक्ष लाया जाए और उनसे जो कुछ है आपस में मिलकर चर्चा कर सौंपा जाए गौरतलब है कि बीते चार दिनों से पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही का केवल आश्वासन दिया जा रहा है अब तक न तो आरोपी तक पहुंचा गया है और ना उसके सहयोगियों तक और नहीं वारदात में इस्तेमाल हुए वाहन को बरामद किया गया है छुरा में हुए धर्मान्तरण के इस संबंध मे सर्व समाज की बैठक में उचित कार्यवाही न होने पर अनिश्चितकालीन विकासखंड बंद करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन को पत्र सौंपा गया है।

# बढ़ती महंगाई को लेकर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे व किसान कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना,

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने टमाटर की माला ,सब्जियों की माला,पेट्रोल तेल की माला पहनकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**देवभोग** देश मे बढ़ती मंहगाई को लेकर जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे व किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष पाण्डेय के नेतृत्व मे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने देवभोग मे मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए रैलियां निकाली। इस विरोध प्रदर्शन मे गैस कि बढ़ती मंहगाई , पेट्रोल कि बढ़ती मंहगाई, टमाटर कि बढ़ती महंगाई को लेकर टमाटर सब्जियों की माला पहनकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को निशाना बनाकर कहा ÷ हमे अच्छे दिन बताकर केन्द्र कि मोदी सरकार महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ाती जा रही है। गैस सिलेंडर कि भाव हजार रुपए से ऊपर है पेट्रोल कि दाम आए दिन बढ़ते जा रहे हैं। टमाटर मिर्च नींबू का भाव आसमान छु रहें हैं।इतनी महंगाई से आम जनताओं मे हाहाकार मचा हुआ है। सरकार के अच्छे दिन के वादे बुरे दिन दिखला रही।इस विरोध प्रदर्शन के बिच किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष पाण्डेय ने भी केन्द्र सरकार का जमकर विरोध करते हुए कहा सरकार हमेशा धर्म संप्रदाय जातियों कि राजनीति करती है । हिन्दू ,मुस्लिम सिख ईसाई करते हुए देश कि जनता को धर्म के नाम से तोड़ने व? बांटने का काम कर रही है। देश के जनताओं के बिच कायम होने वाली आपसी भाईचारे को तोड़ने का काम कर रही है। इस विरोध प्रदर्शन मे युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे,किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष



आशीष पांडे,ब्लाक सचिव नवीन सेन,एनएसयूआई जिला सचिव केशव सिन्हा,विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र बीसी,विधानसभा महासचिव खिरेंद्र दुर्गा,पुष्पेंद्र साहू,एनएसयूआई दुर्गेश मरकाम, जिला सचिव पुस्तम बघेल, सोसल मीडिया प्रभारी पुनीत नेताम,संगठन सचिव भूपेश बघेल,मोहम्मद तोहिम,ऋतिक राजपूत, सचिव ओंकार पात्र,सोसल मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी,सोसल मीडिया प्रभारी रुकचन नागेश,परमे यादव,प्रमोद बेसरा,अनिल बेसरा, जगदीश नागेश, मोटासिंग बघेल, ईनेश सोनवानी,जयप्रकाश तिवारी, आत्माराम,देश डोंगरे,हरीश डोंगरे,माणिकचंद डोंगरे,गोविदा डोंगरे,जगदीश डोंगरे,गौतम सोनवानी, डीगेश डोंगरे,मनोज डोंगरे, क्षेत्र के तमाम युवा कांग्रेस व किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा घोषणा पत्र समिति में राजिम से संदीप शर्मा शामिल

## सांसद विजय बघेल बनाये गए समिति के संयोजक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**गरियाबंद।** भाजपा ने घोषणा पत्र समिति की सूची जारी कर



दी है । दुर्ग के सांसद विजय बघेल के संयोजकत्व में बनाये गए समिति में राजिम से भाजपा प्रवक्ता ,किसान नेता संदीप शर्मा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। भाजपा के वरिष्ठनेता रामविचार नेताम, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक शिवरतन शर्मा उक्त समिति के सहयोजक होंगे।इस महत्वपूर्ण समिति में पहली बार राजिम क्षेत्र से भाजपा के किसान नेता संदीप शर्मा की स्थान मिलने से अंचल के कार्यकर्ताओं, नेताओ और आम जनों में हर्ष व्याप्त है। घोषणा पत्र समिति में शामिल किए जाने पर श्री शर्मा को पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जिला अध्यक्ष राजेश साहू,मंजू हरित,महेश यादव,अनिल चंद्राकर, आशीष शर्मा,तनु साहू ,योगिराज कश्यप,डॉ रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष गण कमल सिन्हा,गुरुनारायण तिवारी, संदीप पाण्डेय,सुरेन्द्र सोनटेके,पीलूराम यादव, प्यारेलाल सोनकर,दुलार सिन्हा,सीताराम यादव,लुद्रास साहू,सोमप्रकाश साहू ,जितेंद सोनकर,रामू राम साहू, मिंजून साहू,सहदेव सोनी,नोगेश्वर साहू, ओमप्रकाश आडिल,भारती साहू,तिरिथ साहू,दयाराम यदु,अश्वनी साहू,इमरान छुरा,चंदन साहू,गोपी ध्रुव, मिलेश्वरी साहू,खुशी साहू, देवकी साहू,रामलाल कुलदीप,केशरी ध्रुव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दिए हैं।

# भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## छत्तीसगढ़ घोषणा पत्र समिति के सदस्य बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**त्रिलोकी तिवारी**
**ब्यूरो चीफ, गरियाबंद**
**मैनपुर ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एंव रेल्वे बोर्ड मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य श्रीमती विभा अवस्थी को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा बडी जिम्मेदारी सौपी गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव द्वारा घोषणा पत्र समिति के सदस्य श्रीमती विभा अवस्थी को नियुक्त किये जाने पर गरियाबंद जिले के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व विधायक गोवर्धन



मांझी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नूरमती मांझी , जनपद अध्यक्ष देवभोग नेहा सिंघल, भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा मंडल गोहरापदर अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी, देवभोग मंडल अध्यक्ष रूद्राक्ष साहू, झांकर पारा अध्यक्ष सीताराम यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भागीरथी मांझी, हलमन ध्रुर्वा, पुनीतराम सिन्हा, कुंजबिहारी बेहरा, शीतला पांडेय, बोधन नायक, निर्भय ठाकुर, संजय दुबे, अंगीरा मिश्रा, प्रकाश अवस्थी, संजय पांडेय, तानसिंह मांझी, योगीराज माखन कश्यप, महेश कश्यप, लंबुधर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्रीमती विभा अवस्थी को बधाई दी है।

# करलागुड़ा घाट में पोकलेन मशीन से रेत का हो रहा है अवैध उत्खनन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**देवभोग।** 15 जून को रेत खनन में प्रतिबंध लगाने के बावजूद रेत का पूरा सेटअप करलागुडा में बिठाकर रेत का अवैध उत्खनन को अंजाम दिया जा रहा हैं, पोकलेन मशीन से रेत का खनन कर रेत का अवैध परिवहन हाइवा से करवाया जा रहा है, इसमें देवभोग एवं मैनपुर विकासखंड में निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदारों के अलावा निजी निर्माण कार्य में लगे प्राइवेट फर्मो को भी रेत का बेधड़क सप्लाई किया जा रहा है,इस बरसाती सीजन व प्रशासनिक मैनेजमेंट का हवाला देकर सप्लायर रेत का 3 गुना कीमत वसूल रहा हैं,जून माह से पहले तक प्रति हाइवा रेत की कीमत 5 हजार थी,जिसे बढ़ाकर 15 हजार कर दिया गया हैं। बारिश होने वाले दिनों को छोड़ शेष दीनो में रोजाना 15 से 20 ट्रिप हाइवा रेत की सप्लाई हो रही है। हैरानी की बात तो यह रेत भरे हाइवा मेलोडी हार्न के साथ देवभोग के मुख्य चौराहा तहसील दफ्तर व थाने के मुख्य द्वार से गुजर रहा हैं। मीडिया की टीम जब करलागुड़ा घाट पहुंची तब पोकलेन के द्वारा ट्रैक्टर में रेत की लोडिंग होते देख जिसकी सूचना फोन दोपहर 1 बजे एसडीएम अर्पिता पाठक को दी गई,3 घंटे तक मीडिया की टीम वहां मौजूद रहीं लेकिन कार्यवाही के लिए कोई भी प्रशासनिक अमला मौके पर नहीं पहुंचा,प्रशासन की यह उदासीनता मिली भगत को पुष्टि करता दिख रहा हैं। घटना के तीन दिन बाद कर्रवाही नहीं होने की वजह जानने जब हमने एसडीएम अर्पिता पाठक से बात की तब उन्होंने कहा की रेत की सप्लाई वन धन केंद्र में हो रहे काम के लिए थी,







जिसकी वजह से कार्यवाही नहीं हो सकी,अगली बार ऐसा कुछ अवैध उत्खनन की मामला दिखे तो सूचना दीजिए कार्यवाही जरूर करेंगे। लगता है प्रसाशनिक सुचना तंत्र विफल हो चुकी है जो मिडिया कर्मी के सुचना देने पर इन्हें पता चलता है कि कहीं अवैध कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

**फागूराम नागेश(खनिज अधिकारी जिला गरियाबंद):** किसी भी खदान से 10 जून से रेत निकासी अवैध हैं, स्थानीय प्रशासनिक अमले को कार्यवाही का पूर्ण अधिकार हैं। किंतु कार्यवाही क्यों नहीं कर रहें है समझ से परे हैं, अगर मुझे आपकी सूचना अगली बार मिली तो मौके पर पहुंच जरूर कार्यवाही करूंगा, अवैध रायल्टी की अवैध वसूली की जांच की जाएगी

### टीम इंडिया डोमिनिका पहुंची, 3 दिन बाद मुकाबला

# वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के लिए 13 प्लेयर्स चुने

**बारबाडोस/डोमिनिक।** भारतीय क्रिकेट टीम बारबाडोस में 5 दिन तक प्रैक्टिस करने के बाद डोमिनिका पहुंच चुकी है। क्चष्टढ्ढ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर आज सुबह प्लेयर्स के डोमिनिका पहुंचने के फोटोज शेयर किए। डोमिनिका के विंडसर पार्क में 12 जुलाई से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले के लिए 13 खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए हैं। वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी क्रेग ब्रैथवेट ही करेंगे, टीम में 2 अनकैप्ड खिलाड़ी और 2 रिजर्व खिलाड़ी भी चुने गए। क्चष्टढ्ढ ने शनिवार सुबह करीब 7 बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खिलाड़ियों की फोटोज पोस्ट कीं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़, उप कप्तान अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल नजर आए। वहीं एक फोटो में ईशान किशन और विराट कोहली साथ बैठकर हंसी-मजाक करते दिखे। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और विकेटकीपर ईशान किशन एयरपोर्ट पर हंसी-मजाक करते नजर आए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और विकेटकीपर ईशान किशन एयरपोर्ट पर हंसी-मजाक करते नजर आए। क्चष्टढ्ढ की पोस्ट में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, जयदेव उनादकट, मुकेश कुमार, शार्दूल ठाकुर, बैटर शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, विकेटकीपर केएस भरत, बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और बॉलिंग कोच पारस म्हाबरे भी नजर आए। क्चष्टढ्ढ ने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा, %जब हम डोमिनिका के लिए निकले।% टीम इंडिया 3 जुलाई से बारबाडोस में प्रैक्टिस कर रही थी, यहां टीम ने प्रैक्टिस मैच भी खेला। अब टीम डोमिनिका पहुंच चुकी है, जहां 12 जुलाई को शाम 7=30 बजे से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। फिर 20 जुलाई से त्रिनिदाद एंड टोबैगो में दूसरा टेस्ट होगा। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज ने 13 प्लेयर्स की टीम चुनी। इनमें गेंदबाज कर्क मैकेंजी और बैटर एलिक एथानाजे के रूप में 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को चुना गया, जिन्हें भारत के खिलाफ डेब्यू का मौका मिल सकता है। वहीं टीम में 2 स्पिनर्स रहकीम कॉर्नवॉल और जोमेल वारिकन को भी चुना गया। दोनों ने लंबे समय बाद टीम में वापसी की। वेस्टइंडीज टीम में 6 पेसर्स और 5 बैटर्स चुने गए। पेसर्स में अल्जारी जोसेफ, केमार रोच, जेसन होल्डर, रेमन रीफर, शेनन गैब्रिएल और कर्क मैकेंजी शामिल हैं। वहीं बैटर्स में ब्रैथवेट के अलावा जर्मेन ब्लैकवुड, एथानाजे, तेजनारायण चंद्रपॉल और विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा शामिल हैं। टीम में होल्डर और कॉर्नवॉल के रूप में 2 ऑलराउंडर्स भी शामिल हैं। 20 से 24 जुलाई तक दोनों टीमें दूसरा टेस्ट खेलेंगी। वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट की टीम जारी नहीं की है। टेस्ट के बाद से 27 जुलाई से 3 वनडे मैचों की सीरीज शुरू होगी। फिर 3 अगस्त से 13 अगस्त तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज भी होगी, जिसके 2 मुकाबले अमेरिका के फ्लोरिडा में भी खेले जाएंगे।



**पहले टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम :** क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उपकप्तान), एलिक एथानाजे, तेजनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवॉल, जोशुआ डा सिल्वा (विकेटकीपर), शेनन गैब्रिएल, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, कर्क मैकेंजी, रेमन रीफर, केमार रोच और जोमेल वारिकन।

**भारत की टेस्ट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड, यशस्वी जायसवाल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, ईशान किशन



### वर्ल्ड कप की सभी 10 टीमें फाइनल

# नीदरलैंड क्वालिफायर नंबर-1 और श्रीलंका क्वालिफायर-2 रही

भारत में 5 अक्टूबर से होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 10 टीमें फाइनल हो चुकी हैं। 1996 की चैम्पियन श्रीलंका और नीदरलैंड ने इस मेगा क्रिकेट इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है, जबकि 2 बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज क्वालिफाई करने से चूक गई। गुरुवार रात नीदरलैंड के क्वालिफाई होते ही वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें फाइनल हुईं। वर्ल्ड कप के पिछले शेड्यूल में क्वालिफायर-1 और क्वालिफायर-2 के नाम से मैच दिखाए गए थे। अब कन्फर्म हो चुका है कि नीदरलैंड क्वालिफायर-1 और श्रीलंका क्वालिफायर-2 टीम रहेगी। श्रीलंका ने 4 दिन पहले जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराकर क्वालिफाई किया। श्रीलंका क्वालिफायर के सुपर-6 स्टेज के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही और टीम ने नीदरलैंड्स से पहले क्वालिफाई किया, इसके बावजूद टीम को क्वालिफायर-2 बनाया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि श्रीलंका क्वालिफायर-2 क्यों है? इसकी वजह है, ढ्ढष्टष्ट के नोट, जो संस्था ने वर्ल्ड कप शेड्यूल जारी करते हुए शेयर किए थे। वेस्टइंडीज क्वालिफायर-1 कहलाएगी = अगर वेस्टइंडीज क्वालिफाई करती है तो टीम क्वालिफायर-1 कहलाएगी। भले ही कैरेबियाई टीम ष्टङ्खष्ट क्वालिफायर में किसी भी पोजिशन पर रहकर क्वालिफाई करे। लेकिन जिम्बाब्वे में हुए क्वालिफायर में वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। उनकी जगह नीदरलैंड ने क्वालिफाई कर लिया। ढ्ढष्टष्ट नोट के अनुसार, वेस्टइंडीज की जगह क्वालिफाई करने वाली डच टीम को क्वालिफायर-1 माना गया। श्रीलंका क्वालिफायर-2 नामिनेट = ढ्ढष्टष्ट ने श्रीलंका को क्वालिफायर-2 नामिनेट किया। ढ्ढष्टष्ट ने लिखा, %अगर श्रीलंका क्वालिफाई करती है तो वह क्वालिफायर-2 कहलाएगी। भले ही टीम ष्टङ्खष्ट क्वालिफायर में किसी भी पोजिशन पर रहकर क्वालिफाई करे।% यही कारण है कि सुपर-6 स्टेज में टॉप पर रहने और पहले क्वालिफाई करने के बाद भी श्रीलंका टीम क्वालिफायर-2 ही रहेगी। कोलकाता में होगा पाकिस्तान का सेमीफाइनल = अगर पाकिस्तान वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो उनका सेमीफाइनल मुकाबला कोलकाता में ही खेला जाएगा। यह फैसला पाकिस्तानी खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया। फिलहाल शेड्यूल के अनुसार पहला सेमीफाइनल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम और दूसरा सेमीफाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में होगा।

### विम्बलडन में बना अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड

# सुरेंको-बोगडान के बीच 38 पॉइंट्स तक चला लेडीज सिंगल्स का सबसे बड़ा टाई-ब्रेकर

**लंदन।** दुनिया के सबसे पुराने टेनिस टूर्नामेंट विम्बलडन में एक अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। शुक्रवार को चैंपियनशिप की 146 साल की हिस्ट्री में लेडीज सिंगल्स का सबसे बड़ा टाई ब्रेकर खेला गया, जो करीब आधे घंटे तक चला। यह विम्बलडन ही नहीं, चारो ग्रैंड स्लैम में विमेंस सिंगल्स का सबसे बड़ा टाई ब्रेकर है। विम्बलडन की आयोजक संस्था ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपनी सोशल पोस्ट में इस रिकॉर्ड की पुष्टी भी की है। 38 पॉइंट्स के इस टाई ब्रेकर को यूक्रेन की लेसिआ सुरेंको ने जीता। इस जीत के साथ वे ने लेडीज सिंगल्स के चौथे दौर में प्रवेश कर गईं। सुरेंको ने तीसरे दौर के मुकाबले में रोमानिया की एना बोगडान को 4-6, 6-3, 7-6 (20-18) से हराया। दरअसल, इस मुकाबले के तीसरा सेट टाई ब्रेकर में चला गई।



जिसे जीतने की होड़ सुरेंको और बोगडान के बीच लगी। वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वियातेक और पूर्व नंबर-1 विक्टोरिया अजारेन्का ने अपने-अपने मैच जीतकर लेडीज सिंगल्स के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। टॉप सीड पोलिश स्टार ने क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराया, जबकि 2012 और 2013 की ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन 33 साल की बेलारूसी स्टार अजारेन्का ने रूस की दारियाक सात्किना को सीधे सेट में 6-2, 6-4 से मात दी। चौथी सीड अमेरिकी स्टार जेसिका पेगुला ने इटली की इलिसाबेता कोसियारेट्टो को 6-4, 6-0 से, यूक्रेन की लेसिआ सुरेंको ने रोमानिया की एना बोगडान को 4-6, 6-3, 7-6 से हराया। अन्य मैचों में स्विट्जरलैंड की बेनसिच ने पोलैंड की मैग्डा लिनेटे को 6-3, 6-1 से, कनाडा की एंड्रेस्कू ने यूक्रेन को एल कलिनिना को 6-4, 4-6, 7-6 से परास्त किया। पुरुष वर्ग के थर्ड राउंड में सातवीं सीड आंद्रेई रूबलेव, रोमन सफीउलिन, डेनिस शापोवालोव, क्रिस्टोफ़र युबैंक्स, अलेक्जेंडर बुब्लिक, जैनिक सिनर ने जीत हासिल की। इससे पहले दूसरे दौर में 5वीं सीड स्टेफानोस सितसिपास और टॉप सीड कार्लोस अल्कारेज ने जीत हासिल करते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई।ू ञ्जस्न के बैनर तले उतरे 7वीं सीड रूबलेव ने बेल्जियम के डेविड गॉफिन को 6-3, 6-7, 7-6, 6-2 से, रूस के रोमन सफीउलिन ने अर्जेंटीना के गुइडो पेला को 7-6, 6-4, 6-0 से, कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने ब्रिटेन के लियाम ब्रॉडी को 4-6, 6-2, 7-5, 7-5 से, अमेरिका के युबैंक्स ने ब्रिटेन के सी नोरी को 6-3, 3-6, 6-2, 7-6 से, इटली के जैनिक सिनर ने फ्रांस के क्वेंटिन हैलिस को 3-6, 6-2, 6-3, 6-4 से हराया।

### अगस्त तक ब्रॉडकॉस्ट राइट्स की डील करेगा बीसीसीआई

# 2023-27 साइकल के राइट्स बिकेंगे, सचिव शाह बोले- जनवरी में अफगानिस्तान सीरीज

**मुबइ।** अगस्त के आखिरी हफ्ते से पहले क्चष्टढ्ढ अपने मैचों के ब्रॉडकॉस्टिंग राइट्स की नीलामी करेगा। यह नीलामी 2023 से 2027 साइकल के लिए होगी। स्टार स्पोर्ट्स के साथ पिछली डील मार्च-2022 में समाप्त हो चुकी है। क्चष्टढ्ढ सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वे मुंबई स्थिति क्चष्टढ्ढ के हेड ऑफिस में आयोजित की एपेक्स काउंसिल मीटिंग के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे। शाह ने यह भी बताया कि भारत-अफगानिस्त सीरीज वर्ल्ड कप के आयोजन के चलते टल गई है और अब यह सीरीज अगले जनवरी महीने में होगी। एशियन गेम्स में हिस्सा लेगी भारतीय टीम पहला फैसला एशियाड में भारतीय टीम की हिस्सेदारी को लेकर हुआ। 28 सितंबर से चीन के हांगझू शहर में होने जा रहे एशियन गेम्स में भारत पहली बाद मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम भेजेगा। मुश्ताक अली ट्रॉफी में इम्पैक्ट प्लेयर का नियम ढ्ढक्कु की तर्ज पर डोमेस्टिक टी-20 टूर्नामेंट सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इम्पैक्ट प्लेयर का नियम पूरी तरह लागू होगा। अगस्त में मीडिया एंड ब्रॉडकॉस्टिंग राइट्स की नीलामी बोर्ड सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने मैचों के मीडिया और ब्रॉडकॉस्टिंग राइट्स की नीलामी अगस्त के आखिरी सप्ताह में करेगा। अफगानिस्तान सीरीज को आगे बढ़ाया भारतीय बोर्ड ने वर्ल्ड कप के आयोजन को देखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज को आगे बढ़ाया है। यह सीरीज जनवरी-2024 में होगी। यह वर्ल्ड कप से पहले होनी थी। वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगा। शाह ने बताया कि वर्ल्ड कप के बाद ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगा। क्चष्टढ्ढ सचिव ने कहा कि स्पोर्ट्स मैनेजमेंट फर्म ग्रांट थॉर्नटन ने वर्ल्ड कप की मेजबानी करने वाले 12 में से 10 स्टेडियम में मरम्मत के सुझाव भेजे है। 2010 ग्वांग्झू, चीन और 2014 इंचियोन, साउथ कोरिया में हुए एशियाड में भी मेंस और विमेंस क्रिकेट के इवेंट हुए थे। 2010 में बांग्लादेश ने मेंस और पाकिस्तान ने विमेंस कैटेगरी में गोल्ड जीता था।

वहीं, 2014 में श्रीलंका की पुरुष और पाकिस्तान की महिला टीम चैम्पियन बनी थी।

### दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल...तीसरा दिन

# चेतेश्वर पुजारा का शतक, वेस्ट ने सेंट्रल जोन पर 384 रन की बढ़त बनाई

**बेंगलुरु /अलूर।** दलीप ट्रॉफी में 2 सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहला नॉर्थ और साउथ जोन के बीच चल रहा है। वहीं, दूसरा मुकाबला सेंट्रल और वेस्ट जोन के बीच खेला जा रहा है। सेमीफाइनल के तीसरे दिन चेतेश्वर पुजारा ने शतक जड़ा। उनकी सेंचुरी के बाद वेस्ट जोन ने दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 292 रन बना लिए। टीम की लीड 384 रन की हो चुकी है। अलुर में दूसरा सेमीफाइनल खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले नॉर्थ जोन की टीम दूसरी पारी में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। 215 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ जोन ने बगैर नुकसान के 21 रन बना लिए। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीसरे दिन वेस्ट जोन ने 149/3 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दूसरे दिन फिफ्टी लगा चुके चेतेश्वर पुजारा ने सेंचुरी लगाई। वह 278 बॉल पर 133 रन बनाकर आउट हुए। वहीं सरफराज खान 6, हेत पटेल 27, अतीत सेठ 9 और धर्मेंद्र सिंह जडेजा 9 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 9 विकेट पर 292 रन बना लिए हैं। सेंट्रल जोन से स्पिनर सौरभ कुमार ने 4, सारांश जैन ने 3 और यश ठाकुर ने एक विकेट लिया। तीसरे दिन नॉर्थ जोन ने अपनी दूसरी पारी 51/2 के स्कोर से आगे शुरू की। प्रभसिमरन सिंह ने 6 के स्कोर के आगे खेलना शुरू किया। सिंह ने 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अंकित कलसी 29, अंकित कुमार 29, निशांत संधू 15 बना सके। कप्तान जयंत यादव 1 रन पर आउट हो गए। पुलकित नारंग बिना खाता खोले लौटे। उनके बाद हर्षित राणा आए और 38 रन की पारी खेली। वैभव अरोड़ा 4 रन पर आउट हुए। वहीं, बलतेज सिंह (0) नाबाद रहे। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नॉर्थ जोन ने दूसरी पारी में साउथ जोन पर 54 रन की लीड बना ली। पहले दिन नॉर्थ जोन ने 198 रन बनाए थे। जवाब में साउथ जोन 195 रन ढेर हो गई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन दूसरे दिन 128 रन पर ऑलआउट हो गई। वेस्ट जोन ने पहले दिन 220 रन बनाए थे। अब वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में 3 विकेट खो कर 149 रन बना लिए है। दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले बुधवार से शुरू हुए। वेस्ट जोन की टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 216 रन बनाए। शिवम मावी ने 4 विकेट लिए।




### सिंधु-लक्ष्य कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

# मेंस डबल्स में कृष्णा प्रसाद गरागा-विष्णुवर्धन गौड़ का सफर समाप्त

भारत के बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। सिंधु ने अपना क्वार्टर फाइनल में फैंग जी को 21-13, 21-7 से हराया। वहीं लक्ष्य सेन ने जूलियन करागी को 21-8, 17-21, 21-10 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले आज रात 12 बजे के बाद खेले जाएंगे। पीवी सिंधु ने चीन की फैंग जी पर एकतरफा जीत दर्ज की। उन्होंने फैंग को 21-13, 21-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल से पहले सिंधु को प्री-क्वार्टर फाइनल में वॉक-ओवर मिला था। उन्हें जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ मुकाबला नहीं खेलना पड़ा। अब सेमीफाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 जापान की अकाने यामागुची से होगा। सिंधु जहां सीधे गेम में जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन को जीतने के लिए मेहनत करनी पड़ गई। उन्होंने जर्मनी के जूलियन करागी के खिलाफ पहला गेम 21-8 से जीता। दूसरे गेम में उन्हें 17-21 से हार का सामना करना पड़ गया। लक्ष्य ने तीसरे गेम में वापसी की और 21-10 से गेम जीतकर मैच भी जीत लिया। सेमीफाइनल में लभ्य का सामना जापान के केंता निशिमोटो से होगा। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को 21-15, 21-11 से हराया था। लक्ष्य सेन ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को प्री क्वार्टर फाइनल में 21-15, 21-11 से हराया। लक्ष्य सेन ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को प्री क्वार्टर फाइनल में 21-15, 21-11 से हराया। कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णवर्धन गौड़ पंजाला वहीं मेंस डबल्स में कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णवर्धन गौड़ पंजाला की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी। उन्हें इंडोनेशिया की मोहम्मद अहसान और हेड्रा सेतियावान की जोड़ी ने 21-9, 21-11 से हराया।

# प्रधानमंत्री के कहने पर संन्यास से लौटे बांग्लादेशी कप्तानः तमीम इकबाल ने एक दिन पहले रिटायरमेंट लिया था

**ढाका।** बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल ने एक ही दिन में अपने संन्यास के फैसले को वापस ले लिया है। इकबाल ने रिटायरमेंट वापसी का फैसला बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के कहने पर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तमीम ने शुक्रवार दोपहर को पत्नी के साथ बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात थी। उनके साथ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजुमल हसन और टीम के पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा भी थे। वर्तमान में अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। टीम को तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद इकबाल की कप्तानी की आलोचना की जा रही थी। जिसके बाद तमीम इकबाल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में वनडे इंटरनेशनल से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। भावुक इकबाल ने कहा था, बुधवार को




अफगानिस्तान के खिलाफ खेला गया मैच मेरा आखिरी वनडे मैच था। तमीम ने कहा, %मेरे लिए यही अंत है। मैंने हमेशा अपना बेस्ट दिया और इसी वक्त से मैं रिटायरमेंट की घोषणा करता हूं। ये फैसला अचानक नहीं लिया, मैं कई दिनों से इस बारे में सोच रहा था। मैं कारण नहीं बताना चाहता, लेकिन मैंने अपने परिवार से बात करने के बाद ही ये कदम उठाया।% वे 31 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में खेलने से पहले डेढ़ महीने का ब्रेक भी लेंगे। तमीम ने 2007 में वनडे डेब्यू किया था, उसी साल उन्होंने भारत के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप में फिफ्टी लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। उन्होंने वनडे में 14 शतक लगाकर 8313 रन बनाए। टी-20 में भी उनके नाम एक शतक है, उन्होंने पिछले साल इसी समय टी-20 से भी संन्यास की घोषणा कर दी थी। तमीम ने 70 टेस्ट भी खेले। इनमें उन्होंने 38.89 की औसत से 5134 रन बनाए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उन्होंने 25 शतक लगाए और 15205 रन बनाए। तमीम ने बांग्लादेश के लिए 37 वनडे में कप्तानी की। उन्होंने टीम को 21 मुकाबलों में जीत दिलाई। उन्हीं की कप्तानी में टीम ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया, लेकिन वह टीम से इस बार का वर्ल्ड कप नहीं खेल सकेंगे। उन्होंने 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट में भी टीम की कप्तानी की है।

# सचेत रहकर टालें घर के प्रदूषण का खतरा

घरेलू वायु प्रदूषण या इंडोर एयर पॉल्यूशन घर के वातावरण की हवा प्रदूषित होना है। आमतौर पर प्रदूषण घर से बाहर वातावरण में फैले प्रदूषण को माना जाता है। लेकिन हमारे घर के भीतर भी प्रदूषण साइलेंट किलर के समान मौजूद है। घर में इस्तेमाल किए जाने वाले कैमिकल, रसोई में खाना बनाते समय निकलने वाला धुआं, किचन वेस्ट जैसी चीजें प्रदूषक या एलर्जन तत्वों की श्रेणी में आते हैं। इनकी अधिकता से घर की चारदीवारी में भी सांस लेना मुश्किल हो जाता है। वायु में मौजूद जहरीले कण सांस लेने पर फेफड़े में प्रवेश कर जाते हैं। ब्लड के साथ मिलकर पूरे शरीर को हानि पहुंचाते हैं। संभव है कि हम घरेलू वायु प्रदूषण से अनभिज्ञ हों। लेकिन वर्तमान समय में घरेलू वायु प्रदूषण वातावरणीय प्रदूषण से कहीं ज्यादा खतरनाक है। एम्स के सेंटर फॉर कम्यूनिटी मेडिसिन ने एक रिसर्च में पाया कि घरेलू वायु प्रदूषण बाहर के मुकाबले 10 गुना ज्यादा खतरनाक हो सकता है। घर में खाना पकाने से निकलने वाला धुआं 20 साल से ज्यादा उम्र के 51 फीसदी युवाओं के फेफडों को नुकसान पहुंचा रहा है।



## इन पर ज्यादा असर

घरेलू वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर घर में रहने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ता है। उन्हें सांस लेने में किसी तरह की समस्या, खांसी-जुकाम, सांस लेने में आवाज आना, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा या सीओपीडी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## घर में प्रदूषण कार्बनिक पदार्थों से

देखा जाए तो घर के अंदर और बाहर के प्रदूषक या एलर्जन तत्वों में थोड़ा अंतर होता है। घर में ज्यादातर कार्बनिक पदार्थों से प्रदूषण होता है जिनसे रिलीज होने वाले वाष्पशील कार्बनिक यौगिक और हाइड्रो कार्बन कैमिकल घर के अंदर की हवा को प्रदूषित करते हैं। दरअसल घर में वायु-संचार या वेंटिलेशन सिस्टम ठीक न होने और सूर्य की प्राकृतिक रोशनी अच्छी तरह न आ पाने की वजह से घर में मॉयश्चर बना रहता है। मॉयश्चर बढ़ने से दीवारों पर सीलन और फंगल इन्फेक्शन होने की संभावना रहती है। सीलन का मॉयश्चर घर की हवा को प्रदूषित करता है और सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। वहीं माइक्रोवेव, फ्रिज जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली गैस से भी हवा प्रदूषित होती है। इसके अलावा कूलर का पानी अगर नियमित रूप से बदला न जाए या एसी के फिल्टर की सफाई नहीं की जाए तो उनमें काफी धूल और फंगल जीवाणु पनपते हैं जो हवा के साथ प्रवाहित होकर घर का वातावरण प्रदूषित करते हैं। ऐसे ही रसोई में खाना बनाते समय एग्ज़ास्ट फैन का इस्तेमाल न करने पर उठने वाला धुंआ घर को प्रदूषित कर देता है। वहीं फल-सब्जियों के छिलके, बचे हुए हिस्से खुले डस्टबिन में डालते हैं। उसमें बैक्टीरिया पनपते हैं जो हवा के साथ घर में फैलकर वायु को दूषित करते हैं। बता दें कि कीटनाशक स्प्रे या कॉयल का इस्तेमाल भी घरेलू प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

बताने योग्य है कि सर्दियों में बंद कमरों में लंबे समय तक चलने वाले ऑयल हीटर या ऑयल गीज़र से कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस निकलती है जो घर की वायु को प्रदूषित कर देती है। ध्यान न देने पर दम घुटने से मौत भी हो सकती है। वहीं घर में इंडोर पौधे ज्यादा लगाना भी हानिकारक है। क्योंकि पानी डालने पर मिट्टी में लगातार नमी बनी रहने पर फंगस लग सकती है और हवा को प्रदूषित कर सकती है।

**ऐसे करें**

## बचाव

घर में वायु-संचार और सूर्य की रोशनी अंदर आने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। घर चाहे छोटा हो, तो खिड़कियां-दरवाजे खोलने पर प्राकृतिक संसाधनों के संचार की व्यवस्था होनी चाहिए। सुबह-शाम एक-दो घंटे के लिए इन्हें जरूर खोलना चाहिए। अगर घर में वायु-संचरण की अच्छी व्यवस्था नहीं है, तो हमें 2-3 घंटे के बाद एग्जास्ट जरूर चलाना चाहिए। दरअसल एसी फिल्टर हर सप्ताह साफ करना चाहिए। एयर कूलर इस्तेमाल करते समय उसमें पानी भरा न रहने दें। वहीं रसोई में एग्ज़ास्ट फैन या चिमनी जरूर लगवाएं। याद रहे कि किचन-वेस्ट वाले डस्टबिन को हमेशा बंद करके रखा जाये ताकि बैक्टीरिया हवा को प्रदूषित न कर सकें। सही होगा यदि कीटनाशक दवाइयों या मॉस्कीटो रेपलैंट स्प्रे का बहुत ज्यादा उपयोग नहीं करें। घर की दीवारों पर मॉयश्चर की वजह से अगर सीलन की समस्या है, तो सीलनरोधी डिस्टेंपर करवा लें। अच्छी क्वालिटी के कैमिकल रहित पेंट और वार्निश इस्तेमाल करने चाहिए। ताकि वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों से बचाव हो सके। वहीं सर्दियों में ऑयल हीटर या ऑयल गीज़र के इस्तेमाल से बचना जरूरी है। खासकर हीटर पूरी रात न चलाएं। हीटर चलाते समय कमरे की खिड़की हल्की-सी जरूर खुली रखें। वहीं एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करते समय इसके मानकों को जरूर ध्यान में रखना चाहिए। यदि इंडोर पौधे लगाना चाहते हैं, तो दो या तीन गमले से ज्यादा नहीं लगाने चाहिए।

## श्वसन तंत्र ऐसे रहेगा सुचारु

घर में भी अपने श्वसन तंत्र की हाइजीन का पूरा ध्यान रखना चाहिए। सुबह-शाम गुनगुने में नमक मिलाकर गरारे करने चाहिए। श्वसन तंत्र संबंधी समस्याओं में दिन में कम से कम दो बार स्टीम लेना फायदेमंद होता है। सर्दी-जुकाम या एलर्जी ज्यादा दिन रहे तो डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

# सजगता से भरें उमंग के सफर में रंग



उम्र के एक पड़ाव के बाद बेटियों को घर से दूर जाना ही पड़ता है। आगे की पढ़ाई हो या नौकरी, बच्चों का घर से, बड़ों के साये से बाहर निकलना जरूरी हो ही जाता है। हाल के बरसों में ऐसी बेटियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है, जो घर से दूर दूसरे शहरों में रहकर कैरियर बनाने या उच्च शिक्षा पाने के लिए जाने लगी हैं। देखने में आ रहा है कि आत्मविश्वास, सुनहरे सपनों और उमंगों से भरी इस उम्र के सफर में बहुत से मोड़ गुमराह करने वाले भी हैं। उज्ज्वल भविष्य के इन्हीं रास्तों पर मिलने वाले बहुत से चेहरे जीवन को दिशाहीन करने वाली पगडंडी पर ले जाते हैं। प्रेम, दोस्ती, लिव-इन जैसे सम्बन्धों के फेर में फंसकर लड़कियों के जान गंवाने तक के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों की ज़िम्मेदारी है कि अंकों की दौड़ में अव्वल आने वाली बेटियों को जीवन की बुनियादी समझ का पाठ भी पढ़ाएं। लोगों की मानसिकता को समझने की व्यावहारिक सीख भी उनकी परवरिश का हिस्सा बने। ध्यान रहे कि आगे के सफर में जब आप साथ नहीं होंगे, यही समझ उनके जीवन को दिशा देने वाली साबित होगी। हरदम स्क्रीन की दुनिया की गुम रहने वाली आज की पीढ़ी में जिजीविषा तो है पर जागरूकता की कमी हर मोर्चे पर दिखती है। परिवेश की कोई घटना हो या परिवार का कोई मामला, न उन्हें कुछ जानने में रुचि है और न ही अभिभावक बताना जरूरी समझते हैं। जबकि हर घटना एक सबक होती है। समाज में होने वाला हर अच्छा-बुरा वाकया इंसान को जागरूक बनाता है। संभलकर रहने की ताकीद करता है। सशक्त और सुरक्षित रहने के लिए अवेयरनेस एक ज़रूरी शर्त है। जो कई परेशानियों से बचाती है। बुरी मानसिकता वाले लोगों को समय रहते समझने में मददगार बनती है।



# तोड़ना हर चक्रव्यूह...

एक लक्ष्य, दो साल/ तीन विषय, हज़ारों सवाल/
हर रोज़ सुनोगेज्यही समय है जान लगा दो/
पढ़ाई के अलावा सब कुछ भुला दो/
प्यारे बच्चे, जान लगा देना पर जान गंवाना नहीं।
बेशक डूबकर, मन लगाकर पढ़ो, उछल कूदकर, नाच गाकर पढ़ो।
दीवारों पर फ़ार्मूले फेंको, सपनों में आईन्स्टाइन को देखो,
फ़ोकस पर अड़े, लेंस हो जाओ, मानचित्र में जगह/
ढूंढते ढूंढते अपनी अलग जगह बनाओ,
लेकिन जोश में आकर इस घेरे से ही बाहर/
नहीं चले जाना है। यहीं से शुरू होगा असल इम्तिहान जीवन का,
भावना और संभावना में संतुलन बिठाना है।
स्थिर बने रहने का मूल मंत्र यहीं से समझोगे।
दुनिया शिखर की बात करेगी संघर्ष सिर्फ़ तुम देखोगे।
अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर, आईआईटीयन या आईएएस/
जो भी बनोगे हंसते मुस्कराते ही तो अच्छे लगोगे
अभी तो जाने किन ख़्यालों में गुम हो/
मां बाप की सिर्फ़ आस ही नहीं आसमान भी तुम हो।
क्या हुआ जो रिज़ल्ट वाले दिन स्टेटस में/
तुम्हारी फ़ोटो लगाकर ना भी मुस्कुरा पाएंगे/
पर तुम्हें खुद में हारा हुआ कभी नहीं देख पाएंगे।
मांएं अपने जिगर के टुकड़ों की शरारतें देख कई साल छोटी हो जाती हैं।
पिता तुम्हें अपने से ऊंचा निकलते देख फूले नहीं समाते हैं/बड़े बुज़ुर्गों का तो शुभ महूरत हो तुम कभी बूढ़ी आंखें पढ़ना/उनकी हर डांट पर और ज़्यादा आगे बढ़ना/
और सबसे ख़ास बात- मन के ग़ुबार भी बाहर लाना,
कुछ बुरा लगे तो रोना, चिल्लाना।
सब अकेले झेल पाओ इतने बड़े नहीं हुए हो/
पर जी तोड़ मेहनत ना कर सको इतने छोटे भी नहीं हो/
वैसे मेहनत तो ज़िंदगी हर किसी से करवा ही लेती है।
जो खुद नहीं कमाते उन्हें बचा खुचा देती है/
दुनिया की बातों के बल से खिंचकर धड़ाम नीचे मत गिरना/
भेदकर हर चक्रव्यूह नई पहचान बनाकर मिलना/
और ये जो कहते रहते हो ना कि अब मैं बच्चा नहीं रहा,
बिल्कुल यही साबित कर दिखाना है...कायर नहीं,
मज़बूत और ज़िम्मेदार बन कर सामने आना है।
सिर उठाकर देखो, ये धरती आकाश मदद को आतुर बड़े हैंअवसर तरह तरह के तुम्हारे इंतज़ार में खड़े हैं/
और ये ना मिला तो वो पा लोगे/
बस खुद को जरा संभाले रखना तुम पत्थरों में से भी रास्ता बना लोगे।

**ज्योत्सना कलकल**

# मुंबई फिल्मी माया नगरी में इंदौर का एक चमकता सितारा.. मोहम्मद अकरम खान..

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन।**यू तो मुंबई मायानगरी ने बॉलीवुड को कई फिल्मी सितारे दिए हैं! हर प्रांत हर शहर से कोई ना कोई मुंबई जाकर अपना और अपने शहर का नाम रोशन कर चुका है! और शोहरत इज्जत दोनों पा चुका है! एक सफल फिल्मी कलाकार बनकर.. क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती! पक्का इरादा पक्की लगन हो तो एक मेहनत करने वाला स्ट्रगल करने वाला कलाकार एक सफल अभिनेता बन ही जाता है! वैसे इंदौर मध्य प्रदेश ने भी बॉलीवुड को कई फिल्मी कलाकार दिए हैं! जैसे जैमिनी फिल्म टाइम के पुराने मशहूर कॉमेडियन जॉनी वाकर,, उर्फ बदरुद्दीन काजी,, शाहबाज खान,, विजेंद्र घाटगे,, और ललिता पवार,, गायिका सुश्री लता मंगेशकर,, अब्दुल गफ्फार खान,, और अब एक नाम और बॉलीवुड फिल्मी गाना फ्री में मिल रहा है! जिनका नाम है!.. मोहम्मद अकरम खान... अकरम खान इंदौर के सदर बाजार क्षेत्र में रहते हैं! और एक मध्यमवर्गीय परिवार से है! अकरम खान वर्तमान में एक सफल ऑटोडील का व्यवसाय करने वाले मोहम्मद अकरम की भी दिली ख्वाहिश थी.. वह भी मुंबई मायानगरी जाए और एक सफल फिल्म कलाकार बने.. लेकिन अकरम खान को सही प्लेटफॉर्म नहीं मिल रहा था! काफी मेहनत मशक्कत के बाद.. अकरम खान की मुलाकात.. बॉलीवुड एक्टर.. टीवी और फिल्म खलनायक.. अब्दुल गफ्फार खान से हुई.. गफ्फार खान भी इंदौर मध्य प्रदेश के ही निवासी हैं.. अब्दुल गफ्फार खान फिल्मी दुनिया का चर्चित नाम है! उन्होंने कठोर संघर्ष करके एक कामयाब कलाकार के रूप में फिल्मी माया नगरी में अपने आप को स्थापित कर रखा है! फिल्मी दुनिया में अब्दुल गफ्फार खान को इंदौरी खली के नाम से पहचान मिली है! उन्होंने अकरम खान की काफी मदद है! अकरम खान को सर्वप्रथम.. ए. एस.पी. क्रिएशन... की जंगली कॉमेडी वेब सीरीज.. ((हु हु जिंगा लाला हु..)) मैं एक जंगली सोल्जर का छोटा सा रोल प्ले किया था! जो काफी हद तक कामयाब भी रहा था! साउथ की तमिल हॉरर फिल्म.. महल.. मैं भी अकरम खान एक सैनिक का रोल प्ले कर चुके हैं! सतीश राय की वेब सीरीज युवा नेता.. नीतू कपूर की लेटरस् टू मिस्टर खन्ना.. मेरे अपने और कुछ अनाम वेब सीरीज.. मैं भी अकरम खान अभिनय कर चुके हैं! जो अति शीघ्र ही कोई ना कोई ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने वाली है! अभी वर्तमान में अकरम खान ने खुद अपना एक निजी यूट्यूब चैनल लांच किया है! एवन स्टार क्रिएशन.. के नाम से! इस चैनल पर अकरम खान ने एक म्यूजिकल लव सॉन्ग.. ओ माहिया.. बनाया है! इस एल्बम सॉन्ग में उज्जैन की अदाकारा ..शिवानी गोस्वामी.. ने अभिनेता अकरम खान के साथ शानदार अभिनय किया है। इस एल्बम लव सॉन्ग को आप यूट्यूब के एवन स्टार क्रिएशन चैनल पर देख सकते हैं! इस सॉन्ग को ऑल ओवर काफी पसंद किया जा रहा है! अभी तक इस एल्बम सॉन्ग को 4000 से अधिक बार यूट्यूब पर देखा जा चुका है! इस एल्बम सॉन्ग को डायरेक्ट किया है अब्दुल गफ्फार खान ने,, डी.ओ.पी. कैमरामैन और शानदार एडिटिंग करी है! ॥.8. फिल्म के श्री हिरदेश सिंह सिकरवार जी ने.. और नृत्य निर्देशक हैं श्री सुरेश कुशवाहा.. ओर मेकअप पूजा भारद्वाज द्वारा किया गया। चित्र ओ माहिया एल्बम लव सांग का जिसमें अभिनेता अकरम खान और शिवानी गोस्वामी का अभिनय झलक रहा है।




# इन कारणों के चलते महिलाओं को होता है सिर दर्द, जानिए लक्षण और उपचार



अक्सर सिरदर्द के पीछे अनुवांशिक या खान-पान की खराब आदतों को जिम्मेदार माना जाता है। किन्तु बात यदि महिलाओं को होने वाले सिरदर्द की करें तो वजह थोड़ी अलग भी हो सकती हैं। जी हां, अधिकतर महिलाओं को सिरदर्द हार्मोन्स के स्तर में होने वाले उतार-चढ़ाव के कारण होता है। जिसके पीछे आमतौर पर गर्भ निरोधक दवाओं का सेवन, गर्भावस्था एवं हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी वजह हो सकती हैं। किन्तु इन सब से अलग सबसे अहम वजह मासिक धर्म या पीरियड्स को माना जाता है। यही कारण है कि महिलाओं में होने वाले हार्मोनल सिरदर्द को मासिक धर्म माइग्रेन भी बोला जाता है। महिलाएं आमतौर पर अपने मासिक धर्म चक्र के चलते इस प्रकार का सिरदर्द महसूस करती हैं।क्या होता है हार्मोनल सिरदर्द?महिलाओं के शरीर में हॉर्मोनल परिवर्तन होते रहते हैं। हॉर्मोनल परिवर्तन के घटते-बढ़ते स्तर का प्रभाव उनके शरीर पर भी कई प्रकार से पड़ता है। जिसके कारण उन्हें कई बार सिरदर्द की परेशानी भी होने लगती है। दरअसल, महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन हॉर्मोन का स्तर कम होने पर सिरदर्द की परेशानी होने लगती है। हार्मोनल सिरदर्द के कारण–एनएचएस के मुताबिक, हार्मोनल सिरदर्द की मुख्य वजह ये हो सकती हैं। - मासिक धर्म चक्र- गर्भनिरोधक गोलियां-रजोनिवृत्ति-गर्भावस्था हार्मोनल सिरदर्द के लक्षण– - हल्का या तेज सिरदर्द-भूख कम लगना-बहुत ज़्यादा पसीना आना-ठंड लगना-गंध के प्रति संवेदनशीलता- थकान-मतली, उल्टी, पेट खराब-चक्कर आना-शोर के प्रति संवेदनशीलता-धुंधली दृष्टि-बुखार- डायरिया-त्वचा का पीला पडनाहार्मोनल सिरदर्द से बचाव के लिए रूटिन में करें ये परिवर्तन–* डाइट में करें परिवर्तन–हॉर्मोन्स के कारण होने वाले सिरदर्द को दूर करने के लिए डाइट में विटामिन बी2 से भरपूर चीजों को सम्मिलित करें। * तनाव से रहें दूर–तनाव के कारण भी कई बार शरीर में हॉर्मोन असंतुलित होने लगते हैं। जिसके कारण व्यक्ति को सिरदर्द की परेशानी होने लगती है। तनाव दूर करने के लिए योग, मेडिटेशन और एक्सरसाइज की सहायता लें।* अधिक पानी पिएं–शरीर में पानी की कमी होने पर सिरदर्द की संभावना बढ़ जाती है। शरीर में पानी की कमी से होने वाले सिरदर्द से बचने के लिए दिन में कम से कम 3 लीटर पानी पीना चाहिए।* मैग्नीशियम रिच फूड–मैग्नीशियम रिच फूड सिरदर्द की परेशानी दूर करने के साथ मांसपेशियों को भी आराम पहुंचाता है।

# एसपी ग्वालियर ने पुलिस लाइन ग्वालियर में किया पौधारोपण, पुलिस लाइन में साथ-सफाई रखने के दिये निर्देश





**दैनिक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य/यातायात) श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे ने आज दिनांक 09.07.2023 को पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए पुलिस लाइन ग्वालियर में पौधारोपण किया गया, इस अवसर पर डीएसपी अपराध/सीएसपी लश्कर श्री षियाज.के.एम,भापुसे, सूबेदार ग्वालियर रूमा नाजसहित सामाजिक संस्था, मिडिया बंधु, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें। पौधारोपण के बाद पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने पुलिस लाइन का निरीक्षण भी किया और उपस्थित पुलिस अधिकारियों को पुलिस लाइन परिसर में साफ सफाई तथा रिकॉर्ड का बेहतर संधारण करने के निर्देश दिये।आज प्रातः पुलिस अधीक्षक ग्वालियर एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) द्वारा पुलिस लाइन ग्वालियर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया, इस अवसर पर एसपी ग्वालियर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि वृक्ष मानव जीवन के लिए बहुमूल्य हैं। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। उन्होने रोपण किए गये पौधों की देखभाल करने के निर्देश भी दिए और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में अपना योगदान देना चाहिए।पौधारोपण के बाद पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात), सीएसपी लश्कर, सूबेदार रूमा नाज, सूबेदार अजय प्रताप, सूबेदार आयूष मिश्रा व पुलिस लाइन के अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, धमतरी रोड, बोरियाकला रायपुर

दिनांक –08 जुलाई 2023

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव द्वारा घोषणा पत्र समिति की नियुक्ति निम्न अनुसार की गयी है -

| क्र. | नाम | पद | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री विजय बघेल | संयोजक | दुर्ग |
| 2 | श्री रामविचार नेताम | सहसंयोजक | सरगुजा |
| 3 | श्री अमर अग्रवाल | सहसंयोजक | बिलासपुर |
| 4 | श्री शिवरतन शर्मा | सहसंयोजक | बलौदाबाजार |
| 5 | सुश्री लता उसेण्डी | सदस्य | कोण्डागांव |
| 6 | श्री चंद्रशेखर साहू | सदस्य | रायपुर |
| 7 | श्री कृष्णमूर्ति बांधी | सदस्य | बिलासपुर |
| 8 | राजा रणविजय सिंह | सदस्य | जशपुर |
| 9 | श्री मधुसूदन यादव | सदस्य | राजनांदगाँव |
| 10 | श्रीमती रंजना साहू | सदस्य | धमतरी |
| 11 | श्री भैयालाल राजवाड़े | सदस्य | कोरिया |
| 12 | श्री महेश गागड़ा | सदस्य | रायपुर |
| 13 | श्री कमलभान सिंह | सदस्य | सरगुजा |
| 14 | श्रीमती कमला देवी पाटले | सदस्य | जांजगीर-चांपा |
| 15 | श्री ओ.पी.चौधरी | सदस्य | रायगढ़ |
| 16 | श्रीमती चम्पा देवी पाटले | सदस्य | मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर |
| 17 | श्री संदीप शर्मा | सदस्य | रायपुर |
| 18 | श्री केदार गुप्ता | सदस्य | रायपुर |
| 19 | श्री भरत वर्मा | सदस्य | राजनांदगाँव |

| क्र. | नाम | पद | जिला |
|---|---|---|---|
| 20 | श्री रवि भगत | सदस्य | रायगढ़ |
| 21 | श्रीमती विभा अवस्थी | सदस्य | गरियाबंद |
| 22 | डॉ. विजयशंकर मिश्रा | सदस्य | रायपुर |
| 23 | श्री रामलखन सिंह पैंकरा | सदस्य | बलरामपुर |
| 24 | श्री पंकज झा | सदस्य | रायपुर |
| 25 | श्री दीपक साहू | सदस्य | दुर्ग |
| 26 | श्री आत्मनारायण पटेल | सदस्य | कोरबा |
| 27 | श्री रामकृष्ण धीवर | सदस्य | रायपुर |
| 28 | श्री रामकुमार भट्ट | सदस्य | कवर्धा |
| 29 | श्री द्वारिका जायसवाल | सदस्य | मुंगेली |
| 30 | श्री टेकेश्वर जैन | सदस्य | कांकेर |
| 31 | श्री विक्रम सिंह | सदस्य | बिलासपुर |

(केदार कश्यप)
प्रदेश महामंत्री / मुख्यालय प्रभारी

# मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक इंगित काव्य गोष्ठी हुई संपन्न

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे ग्वालियर ।** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा,दौलत गंज, लश्कर ग्वालियर के तत्वावधान में मासिक ÷इंगित का गोष्ठी÷ का गत दिवस आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजकिशोर वाजपेयी ÷अभय ÷ ने की । मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार डॉ. किंकर पाल सिंह जादौन, विशिष्ट अतिथि अनंग पाल सिंह सिंह भदौरिया ÷अनंग ÷एवं सारस्वत अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा सहित सभाध्यक्ष डॉ कुमार संजीव सभा प्रतिनिधि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संयोजन रामचरण ÷रुचिर÷ ने एवं संचालन डॉ.कमला शंकर मिश्र ने किया। सरस्वती वंदना कवियत्री उमा उपाध्याय ने प्रस्तुत की। सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक रामचरण ÷रुचिर÷ ने किया एवं कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। काव्य गोष्ठी में राष्ट्रभाव बोध, पावस ,सावन एवं सामयिक विषयों पर केंद्रित काव्य रचनाओं की प्रस्तुति हुई।

काव्यपाठ करने वालों में , जगमोहन श्रीवास्तव, अनिल राही , अशोक बित्थरिया, राम चरण ÷रुचिर ÷ , डॉ सुधीर चतुर्वेदी, डॉ. लोकेश तिवारी, विजय कृष्ण योगी ,राजेश अवस्थी ÷लावा÷, रेखा दीक्षित, अनिल भारद्वाज, पुष्पा मिश्रा ÷आनंद÷, उदयभान रजक, दिलीप मिश्रा, बलवीर सिंह भुजबल, सहित मंचासी न अतिथिगण राजकिशोर वाजपेई ÷अभय ÷डॉ किंकर पाल सिंह जादौन, अनंगपाल सिंह भदोरिया ÷अनंग ÷एवं सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने एक से बढ़कर एक सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवियों द्वारा कार्यक्रम में किए गए काव्य पाठ के कुछ काव्यांश इस प्रकार हैं।

यह बारिश की बूंदो, हो सके तो उस घर जाना ?।
,स्वप्नीली मस्त बयार ,हो सके वो सावन लाना।

**सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा**

जात कोई नहीं होती इश्क के संसार में।
बात साधारण नहीं यह, प्यार के बाजार में ।

**अनंगपाल सिंह भदोरिया÷अनंग ÷**

रेत पर लिखी इबारत की मुलाकातें हैं कुछ ।
नीर पर खींची लकीरों की तरह यादें हैं कुछ।

**डॉ.किंकरपाल सिंह पाल सिंह जादौन।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजकिशोर वाजपेयी ÷ अभय ÷ने कहा, साहित्य लोकरंजन के लिए नहीं, लोकमंगल के लिए होना चाहिए। उन्होंने साहित्य को समाज का विकास पथ बताया।

इस अवसर पर उनके द्वारा प्रस्तुत रचना इस प्रकार रही।

मेघ की गर्जन प्रिय का क्रोध ,गिरती बूंदें नेह की शोध ?।
लाज धरती की ललित ललाम, कराती सदा प्यार का बोध।
मौन भी कहता पूरी बात, रसीली होती है बरसात।

**राज किशोर वाजपेयी ÷अभय÷**

अगले क्रम में कवि रामचरण ÷रुचिर ÷ ने पावस पर अपने दोहे इस प्रकार पढ़ें।

पावस की बूंदे गिरीं, धरा हुई खुशहाल। मनमोहक लगने लगे, उपवन सरिता ताल ।।
मैं उपवन का फूल हूं ,तुम पावस का नीर ।
मिलन हुआ तो खिल गया, वरना रहा अधीर।

**राम चरण ÷रुचिर÷**

पहले मिलना फिर बतियाना और उतरना दिल में ,
चुप चुप के दिल को चुराना कोई उससे सीखे ।

**विजयकृष्ण योगी**

सम हो तो आज मिलो बैठो,
मन के दोष वेदना को मेंटो?

**डॉ .सुधीर चतुर्वेदी**

कुछ अलग कर गुजरने की मन में ख्वाइश हो तभी आप सशक्त रचना का सृजन कर पायेंगे ,विचारों के ताने बाने की चादर बना पाएंगे, तभी आप भी कहेंगे कविता क्या है?

**उमा उपाध्याय**





नफरत की आग अब थमनी चाहिए ।
आदमी की आदमी से बुराई मिटनी चाहिए।

**दिलीप मिश्रा**

बादल से बूंदे ,ऑखो से ऑसू
तन से पसीना जो आता रहा
जीवन को सदा महकाता ?रहा।।

**डॉ.लोकेश तिवारी**

उठो अरुण चल कर तो देखो करतूतें इंसान की ।
अवनि आवरणहीन हो गई पर्त हटी ओजोन की।

**जगमोहन श्रीवास्तव**

छोड़ दिया है शहर तुम्हारा,
हम तो अपने गांव चले।

**अनिल राही**

प्यार भरी बातें करती है, सावन की रिमझिम।
बूंदों की झालर लगती है सावन की रिमझिम।

**अनिल भारद्वाज**

हरा भरा सावन है ,आया मन के भाव जगाने को।
बारिश की रिमझिम बूंदों में तन मन से भीग जाने को।

**पुष्पा मिश्रा ÷आनंद÷**

भ्रष्टाचार और दहेज समाज की अद्भुत बुराई है ।
देना हो तो है बुराई ,लेना हो तो क्या बुराई ?

**राजेश अवस्थी ÷लावा÷**

भारत भू के कण-कण में महत् क्षत्रियता रही समाय।
जैसे महा नदीश की लहरें ,
प्रचंडता की अलख जगाय।

**उदय भान रजक**

बरसो बादल बरसो ,जल है तो जीवन है।
बरसो बादल अब उत्कंठित धरा गगन है ।बरसो बादल।

**अशोक बित्थरिया ÷मुकुल÷**

प्रकृति ने अद्भुत रंग बिखेरा है।
घने बादलों ने आसमा को घेरा है ।

**रेखा दीक्षित**

हाल हाल बेहाल हो गए कब तक और सताओगे
मर्यादा भी लांघ चुके हो नीर क्षीर हो जाओगे

**भुजवीर सिंह ÷भुजबल÷**

इस प्रकार से साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शायद सभा के सह मंत्री उपेंद्र कस्तूरे व राकेश पांडे सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं उत्कृष्ट रहा।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित मो. 7772843302 9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक मो. 9639422665 7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यो आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478